दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 140
कोटद्वार शनिवार
16 सितम्बर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं

दैनिक जयन्त

www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई राजनयिकों के हिंदी प्रेम की सराहना की

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई राजनयिकों के हिंदी प्रेम की सराहना की। वह 14 सितंबर को हिंदी दिवस के अवसर पर ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन द्वारा एक्स पर एक पोस्ट का जवाब दे रहे थे। फिलिप ग्रीन ने उच्चायोग में अपने सहयोगियों की पसंदीदा हिंदी कहावतें और दोहा सुनाते हुए क्लिप साझा किया था।

पीएम मोदी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, कहावतों और दोहों का आपका कथन मंत्रमुग्ध कर देने वाला है और हिंदी भाषा के प्रति आपका प्रेम काफी दिलचस्प है। हिंदी दिवस हर साल 14 सितंबर को मनाया जाता है। 1949 में इसी दिन संविधान सभा ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया था कि हिंदी देश की आधिकारिक भाषा होगी।

## उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह के लिए ड्रेस कोड तय

**उज्जैन ,एजेंसी ।** मध्य प्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में आने वाले दर्शनार्थियों के लिए ड्रेस कोड तय किया गया है। अब पुरुष को यहां धोती, सोला व महिलाओं को साड़ी पहनकर आने पर ही प्रवेश मिलेगा। यह व्यवस्था जल्दी ही लागू की जाने वाली है।

महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की जिलाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में तय किया गया कि उज्जैन वासियों को सप्ताह में एक दिन भस्म आरती में निःशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए मंगलवार का दिन तय हुआ है। इसमें भक्तों की क्षमता सीमित रखी जाएगी।समिति ने फैसला लिया है कि गर्भगृह में प्रवेश करने वालों को धोती और सोला पहनना होगा। अभी तक आम दिनों में सभी श्रद्धालुओं को सामान्य कपड़ों में प्रवेश दिया जा रहा था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

## भारतीय महिलाएं मध्यस्थ की भूमिका में बेहद कम : मुख्य न्यायाधीश

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने इस स्थिति को 'विविधता का विरोधाभास करार देते हुए अफसोस जताया कि विभिन्न अंतरराष्ट्रीय समितियों में सभी भारतीय मध्यस्थों में से 10 फीसदी से भी कम महिलाएं हैं। उन्होंने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय व्यापार विधि आयोग (यूएनसीआईटीआरएएल) दक्षिण एशिया सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही।

# संविधान की प्रति लेकर नई संसद में प्रवेश करेंगे पीएम मोदी !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आगामी 18 से 22 सितंबर तक चलने वाले संसद के विशेष सत्र की तैयारियां जोरों पर हैं। पांच दिन के इस विशेष सत्र के पहले 17 सितंबर को नए संसद भवन के गज द्वार पर राष्ट्रध्वज फहराया जाएगा। यह संसद की नई इमारत में पहला और औपचारिक ध्वजारोहण होगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ नई संसद के गज द्वार पर तिरंगा झंडा फहराएंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी वहां मौजूद रह सकते हैं।



इसी दिन प्रधानमंत्री का जन्मदिन भी है। सूत्रों का यह भी कहना है कि जब प्रधानमंत्री पुरानी संसद से नए संसद भवन में प्रवेश करेंगे, तब वे अपने साथ भारतीय संविधान की एक प्रति अपने हाथों में रख सकते हैं। नई संसद भवन में संविधान हॉल भी बनाया गया है। इसमें देश की संवैधानिक विरासत की प्रदर्शनी लगाई गई है।

संसद का विशेष सत्र पुराने भवन में शुरू होगा, फिर नए भवन में चलेगा। 19 सितंबर को दोनों सदनों की कार्यवाही पुराने के बजाय नए संसद भवन में होगी क्योंकि इस दिन गणेश चतुर्थी भी है। इस दिन नए संसद भवन में विधिवत पूजा के बाद प्रवेश किया जाएगा। इसके बाद ही कार्यवाही का संचालन होगा।

इन कार्यक्रमों को देखते हुए मंगलवार-बुधवार को केंद्रीय शहरी एवं आवास मामलों के मंत्रालय और सीपीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारियों ने नए संसद भवन का दौरा भी किया। एक अधिकारी ने कहा कि राज्यसभा में ऑडियो का लेवल और सांसदों के लिए मल्टीमीडिया सिस्टम की आखिरी बार जांच की गई है। इसमें सब कुछ पूरी तरह दुरुस्त है। नई इमारत में कैफे और रसोई भी सत्र के दौरान चालू रहने की पूरी संभावना है। विशेष सत्र पूरा होने के बाद नई संसद में 13-14 अक्टूबर को जी-20 देशों की संसद के स्पीकर का एक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

इस बीच, सरकार की तरफ से सभी कैबिनेट मंत्रियों, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और राज्य मंत्रियों को विशेष सत्र के पांचों दिन सदन की पूरी कार्यवाही के दौरान पूरे समय मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है। आदेश के मुताबिक, लोकसभा में सांसद मंत्रियों को निचले सदन में और राज्यसभा से सांसद मंत्रियों को पूरी कार्यवाही के दौरान उच्च सदन में मौजूद रहने का निर्देश मिला है। अमूमन दोनों सदनों में कार्यवाही के दौरान एक-एक मंत्री की रोस्टर ड्यूटी लगती है।

राज्यसभा और लोकसभा के साथ-साथ नए संसद भवन में एक संविधान हॉल भी बनाया गया है। इसमें देश की संवैधानिक विरासत की प्रदर्शनी लगाई गई है। नई लोकसभा में 888 सांसदों के बैठने की क्षमता होगी। राज्यसभा का आकार लोकसभा के मुकाबले छोटा होगा। राज्यसभा में 384 सांसद बैठ सकेंगे। दोनों सदनों का संयुक्त सत्र लोकसभा चैंबर में होगा। इसमें 1280 सांसद एक साथ बैठ सकेंगे। नए भवन में सांसदों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है।

## उत्तरकाशीः नदी में वाहन गिरने से चार लोगों की मौत, तीन घायल



**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री हाईवे पर सैंज में आर्य विहार आश्रम के पास एक वाहन नदी में गिर गया। वाहन में छह लोग सवार थे। जिनमें से चार की मौत हो गई। दो घायलों अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। शुक्रवार शाम को गंगोत्री हाईवे के पास वाहन के दुघर्टनाग्रस्त होने की खबर मिली। पुलिस, एसडीआरएफ की टीम एवं जिला चिकित्सालय से एक एंबुलेंस घटनास्थल के लिए रवाना हुई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि तीन लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया था। इनमें से एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं दो अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है।

## हवाई अड्डे पर छह अजगर, एक काली गिलहरी, विदेश से आया यात्री से मिली

**चेन्नई, एजेंसी।** सीमा शुल्क वायु खुफिया इकाई (एआईयू) के अधिकारियों ने शुक्रवार को यहां अन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बैंकॉक से आए एक यात्री से विभिन्न आकार के छह बॉल अजगर और एक काली गिलहरी जब्त की। हवाई अड्डे के सूत्रों ने कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर बैंकॉक से आए एक पुरुष भारतीय यात्री को एआईयू अधिकारियों ने रोक लिया।

उसके चेक-इन किए गए सामान की जांच करने पर, 16 संख्या में बॉल पाइथॉन (विभिन्न रूप) और एक संख्या में काली गिलहरी छिपी हुई पाई गईं और उन्हें बरामद कर लिया गया और उन्हें सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत जब्त कर लिया गया। सूत्रों ने कहा कि आगे की जांच जारी है।

## शहीद मेजर आशीष धौंचकः जय जवान-जय किसान, मेरा बेटा देश की शान, देश पर हुआ कुर्बान

**पानीपत (हरियाणा) , एजेंसी।** अनंतनाग में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद मेजर आशीष धौंचक शुक्रवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके पैतृक गांव बिंझौल में उनके पिता लालचंद और चचेरे भाई मेजर विकास ने उनको मुखाग्नि दी। इस दौरान मेजर आशीष अमर रहे और भारत माता के जयकारों से आसमान गुंजायमान हो उठा। वहीं बेटे को अंतिम विदाई देते मां कमला ने जब जय जवान, जय किसान और मेरा बेटा देश की शान, मेरा बेटा देश पर कुर्बान की बात कही तो सभी की आंखें नम हो गईं।

सबसे पहले शहीद मेजर आशीष धौंचक के पार्थिव शरीर को टीडीआई स्थित उनके नए मकान पर सुबह करीब छह बजे लाया गया। इस नए मकान में



मेजर आशीष को अपने जन्मदिन पर 23 अक्टूबर को गृह प्रवेश करना था। ऐसे में परिजनों की इच्छा से शव को पहले टीडीआई स्थित नए मकान पर लाया गया, जहां मां कमला, पिता लालचंद, पत्नी ज्योति समेत तीनों बहनों ने मेजर आशीष के पार्थिव शरीर को गले लगाया।

इसके बाद पार्थिव शरीर के साथ अपने नए घर में प्रवेश किया। करीब तीन घंटे तक उनका पार्थिव शरीर यहां पर रखा गया। इसके बाद मोटरसाइकिल व गाड़ियों के काफिले के साथ पार्थिव शरीर को तिरंगा यात्रा की अगुवाई में उनके पैतृक गांव बिंझौल लाया गया।

यहां श्मशान घाट में उनको राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। इससे पहले परिजनों के साथ ही सेना के अधिकारियों, प्रशासन व पुलिस अधिकारियों ने उनको पुष्प चक्र भेंट किया। पत्नी ज्योति और बेटी वामिका समेत परिवार के लोगों ने उनको सैल्यूट किया।

शहीद की मां कमला जहां बेटे को खोने का अपार गम समेटे हुई थी, वहीं उसके चेहरे पर देश के लिए बेटे की शहादत पर गर्व और संतोष के भाव साफ नजर आ रहे थे। एक पल मानों गम से उनका कलेजा निकल आता तो अगले पल वह खुद पर काबू कर संतोष करती। बेटे को अंतिम विदाई देते हुए उन्होंने कहा कि जय किसान, जय जवान, मेरा बेटा देश की शान, मेरा बेटा अमर रहे। मेरा बेटा देश पर कुर्बान। उन्होंने कहा कि मैंने बेटा देश को सौंप दिया था। सरकार बुलेट प्रूफ जैकेट लंबी दे तो कई जवानों की जान बच सकती है। वहीं बेटे की शहादत पर गम और गर्व के साथ उन्होंने सवाल भी उठाए कि आखिर सरकार अब क्या कर रही है। उनका यह वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## आईटी रेडः आजम खां के घर से बैगों में दस्तावेज भरकर ले गई जांच टीम

**रामपुर, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां और उनके करीबियों के खिलाफ आयकर विभाग की जांच तीन दिन तक जारी रही। शुक्रवार शाम को जांच दल सपा नेता के घर से कई बैगों में दस्तावेज भरकर अपने साथ ले गई। कार्रवाई बुधवार सुबह से शुरू होकर शुक्रवार शाम तक चली। इसके बाद आजम ने मीडिया से कहा कि अफसरों को सभी सवालों के जवाब दे दिए गए हैं।



जौहर ट्रस्ट के नाम पर हुए लेनदेन की जांच करने के लिए आयकर विभाग की टीम ने बुधवार सुबह सपा नेता आजम खां, ट्रस्ट से जुड़े लोगों और करीबियों के घरों पर छापे मारे। यह कार्रवाई दिन और रात चलती रही। इस बीच टीम ने कई लोगों से पूछताछ भी की।विभाग के सूत्रों के मुताबिक जांच के दौरान अहम जानकारी हाथ लगी है। इस संबंध में अधिकृत रूप से कोई जानकारी नहीं दी गई। आयकर विभाग की टीम ने रामपुर के अलावा लखनऊ सीतापुर और गाजियाबाद सहित अन्य शहरों में कार्रवाई की। उधर, आयकर विभाग की टीम को जौहर यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर में दर्ज आंकड़ों की जांच के लिए सॉफ्टवेयर इंजीनियर को बुलवाया गया।

सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की टीम ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की। इसके साथ ही सपा नेता आजम खां के आवास पर सोने की कीमत आंकने वाले सराफ को लखनऊ से बुलाया गया। पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारी भी आजम के आवास पर पहुंचे।सूत्रों के मुताबिक यूनिवर्सिटी में लेखा विभाग से जुड़े कंप्यूटर व लैपटॉप की जांच शुरू की गई। मगर, दिक्कत आने की वजह से सॉफ्टवेयर

### सपा नेता बोले- दे दिए सभी सवालों के जवाब

इंजीनियर की जरूरत पड़ी। यूनिवर्सिटी में लेखा विभाग से जुड़े अफसरों व कर्मियों से भी कई प्रकार की जानकारियां ली गई। आयकर विभाग की टीमों ने यूनिवर्सिटी के कर्मियों से भी पूछताछ की। इसके साथ ही लेखा विभाग के जुड़े एक कर्मचारी से उसके शहर में स्थित आवास पर जाकर पूछताछ की गई। चमरौवा विधायक नसीर अहमद के आवास के साथ ही फार्म हाउस पर भी टीमें लगातार डेरा डाले रहीं। टीमें लगातार छापेमारी करती हुई नजर आ रही थीं। यहां पर भी कई लोगों से पूछताछ की गई।

## अब सुको से जुड़े केस भी एक क्लिक पर उपलब्ध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट को जल्द ही राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड (एनजेडीजी) से जोड़ा जाएगा, जिससे लोगों को उच्चमत न्यायालय से लंबित मामलों और निपटान दर से संबंधित डाटा आसानी से मिल सकेगा। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को घोषणा की कि सुप्रीम कोर्ट को जल्द ही राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड से जोड़ा जाएगा, जो तालुका स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अदालतों में लंबित मामलों और निपटान दर से संबंधित डाटा का भंडार है। वर्तमान में पोर्टल केवल उच्च न्यायालय स्तर तक का डाटा दिखाता है। सीजेआई ने कहा कि एनजेडीजी पर डाटा अपलोड करने से न्यायिक क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। एनजेडीजी 18,735 जिला और अधीनस्थ अदालतों और उच्च न्यायालयों के आदेशों, निर्णयों और मामले के विवरण का एक डाटाबेस है, जिसे ई-कोर्ट प्रोजेक्ट के तहत एक ऑनलाइन मंच के रूप में बनाया गया है।

## हरिद्वार और कोटद्वार में डेंगू से दो लोगों की मौत



### लापरवाही पर पौड़ी के सीएमओ व सीएमएस वेतन पर रोक

**देहरादून।** गढ़वाल मंडल में डेंगू से हो रही मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बृहस्पतिवार को हरिद्वार और पौड़ी के कोटद्वार में दो लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही दोनों जिलों में अब तक चार-चार लोगों की की मौत हो चुकी है। वहीं डेंगू मामले मे लापरवाही पर पौड़ी के सीएमओ व सीएमएस को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर राजेश कुमार ने डेंगू के मामलों में लापरवाही पर पौड़ी के सीएमओ व सीएमएस के वेतन पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी है। हरिद्वार में नौ मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई, यहां अब तक 242 मरीजों मिल चुके हैं। वहीं पौड़ी जिले में बीते 24 घंटे में 21 डेंगू के मरीज मिले। देहरादून में 16 मरीजों की एलाइजा रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। 1446 लोगों के सैंपल लिए गए। वहीं ऋषिकेश में छह लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। अस्पताल में चार डेंगू के मरीज भर्ती हैं। विकासनगर में एलाइजा जांच में 21 डेंगू संक्रमित मिले हैं। वहीं 20 संदिग्ध रोगी भी हैं, जिनकी एलाइजा जांच होगी। अस्पतालों के वार्ड डेंगू और वायरल बुखार के मरीजों से पैक हैं।

## सूर्य मिशनः धरती से थोड़ा और दूर हुआ आदित्य - एल1, मिशन की चौथी प्रक्रिया कामयाब

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार सुबह सूर्य का अध्ययन करने के लिए आदित्य एल1 मिशन का पृथ्वी-संबंधित चौथी प्रक्रिया (मैन्यूवर) सफलतापूर्वक पूरी की। आज सुबह इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी), बेंगलुरु में कक्षा बढ़ाने का काम किया गया। इसरो ने सोशल मीडिया नेटवर्क - एक्स' पोस्ट किया कि सूर्य का अध्ययन करने के लिए भारत का पहला अंतरिक्ष-आधारित मिशन, आदित्य एल1 ने अपना चौथा पृथ्वी-संबंधित मैन्यूवर




सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।इसमें कहा गया कि चौथा पृथ्वी-से जुड़ा मैन्यूवर (ईबीएनप्त4) सफलतापूर्वक निष्पादित किया गया है। अंतरिक्ष एजेंसी ने एक्स पर लिखा कि मॉरीशस, बेंगलुरु, एसडीएससी-शार और पोर्ट ब्लेयर में इसरो के ग्राउंड स्टेशनों ने इस ऑपरेशन के दौरान उपग्रह को ट्रैक किया, जबकि वर्तमान में आदित्य-एल 1 के लिए फिजी द्वीप समूह में एक परिवहनीय टर्मिनल पोस्ट-बर्न संचालन का समर्थन करेगा।

हासिल की गई नई कक्षा 256 किमी & 121973 किमी है। अगला मैन्यूवर, ट्रांस-लैग्रेजियन प्वाइंट 1 इंसर्शन (टीएल1आई), जो पृथ्वी से प्रस्थान का प्रतीक है, 19 सितंबर को लगभग 2 बजे के लिए निर्धारित है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने घोषणा की कि सूर्य का अध्ययन करने के लिए भारत का पहला अंतरिक्ष-आधारित मिशन, आदित्य एल 1, ने गुरुवार के शुरुआती घंटों में अपना चौथा पृथ्वी-आधारित प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

### जवानों की शहादत के बीच जश्न पर घेरी बीजेपी

## विपक्ष ने उठाए सवाल, कहा, विशेष सत्र में उठाएंगे मुद्दा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जी-20 समिट के सफल आयोजन के बाद बुधवार को बीजेपी के मुख्यालय में जश्न मना। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह समेत बीजेपी के सभी दिग्गज नेता मौजूद रहे। बीजेपी के जश्न पर अब विपक्ष सवाल उठा रहा है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि आतंकवादियों से लड़ते हुए तीन अधिकारी शहीद हो गए, उस पर देश को गर्व है, लेकिन जब हमारे देश में शहीदों को श्रद्धांजलि दी जा रही तब भारत के प्रधानमंत्री जी-20 की सफलता के लिए जश्न मना रहे थे। आप के सांसद संजय सिंह ने कहा कि सरकार पर धिक्कार है कि जब एक तरफ शहीदों का जनाजा उठ रहा था, तब मोदी मोदी का नारा लगाकर जी-20 का सेलिब्रेशन मनाया गया। ये



प्रधानमंत्री की संवेदनशीलता जाहिर करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के पास सेना के लिए संवेदना का ट्वीट करने के लिए दो मिनट का समय नहीं है।

पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों को प्रधानमंत्री को मुहतोड़ जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की संसद में आम आदमी पार्टी ये मुद्दा उठाएगी। उधर, नेशनल कान्फ्रेंस नेता फारूख अब्दुल्ला ने कहा है कि कौन कहता है कि आतंक समाप्त हो गया है। अब ट्रेंड आतंकी आ रहे हैं। रोज हमले हो रहे हैं। अब्दुल्ला ने कहा कि रोज ही हमले हो रहे हैं और रोज एनकाउंटर हो रहा है। कौन कहता है आतंकवाद खत्म हो गया, यह खत्म नहीं होगा। अनंतनाग एकाउंटर में पाकिस्तान की साजिश को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि लड़ाई से अमन नहीं आता है।

मामला हल करने के लिए बातचीत करने की जरूरत है। जो हो रहा है इससे लोगों को उल्लू बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हो सकता है किसी और मुल्क से आतंकी आ सकते हैं। पाकिस्तान से हमने चार जंग की। बॉर्डर आज भी वही है। इससे अमन नहीं आता है। यह बंद नहीं होगी। वहीं कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया कि जिस समय सीमा पर हमारी सेना के तीन अधिकारियों के शहीद होने की दुखद खबरें आ रही थीं उसी समय बीजेपी मुख्यालय में बादशाह के लिए जश्न की महफिल सजी थी। चाहे कुछ भी हो जाए, प्रधानमंत्री अपनी वाहवाही को टाल नहीं सकते।

# आंदोलनरत छात्रों ने त्यूणी महाविद्यालय में तालाबंदी की



विकासनगर। पंडित शिवराम राजकीय महाविद्यालय त्यूणी में आंदोलनरत छात्र–छात्राओं ने शुक्रवार को पूरे महाविद्यालय में तालाबंदी कर शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। आंदोलनरत छात्र–छात्राओं ने कहा कि मांगें पूरी होने के बाद ही आंदोलन समाप्त किया जाएगा। वहीं भूख हड़ताल पर छात्र संघ अध्यक्ष को जबरन उठाने के बाद उनका अस्पताल में उपचार चल रहा है, जबकि गुरुवार से भूख हड़ताल शुरू करने वाले दोनों छात्रों का स्वास्थ्य सामान्य है। गुरुवार को भूख हड़ताल पर बैठे मनोज चौहान और प्रमेश रावत ने कहा कि सरकार साजिश के तहत जौनसार बावर की शिक्षा व्यवस्था की अवहेलना कर रही है। जनजाति क्षेत्र की आबादी कम होने और प्रदेश की राजनैतिक समीकरणों पर अधिक प्रभाव नहीं डालने के कारण इस क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सरकार कभी गंभीर नहीं रही। इसी के चलते यहां के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। शिक्षा के नाम पर यहां प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा के शिक्षण संस्थान खोले गए हैं, लेकिन ये सभी संस्थान संसाधनों के अभाव में मात्र दिखावा साबित हो रहे हैं। कहा कि प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों और संसाधनों की कमी बनी हुई है, जिसका खामियाजा जौनसार बावर के भविष्य को भुगतना पड़ रहा है। कई बार शासन प्रशासन से यहां के शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की नियुक्ति और पर्याप्त संसाधन मुहैया कराने की मांग की गई, लेकिन कभी भी सरकारी कारिंदों ने इस पर गंभीरता सोचने की जरूरत नहीं समझी। आरोप लगाया कि सरकार जनजाति वर्ग के बच्चों और युवाओं को समाज की मुख्यधारा से दूर करने की साजिश रच रही है। इसी साजिश के तहत सरकार जौनसार बावर की शिक्षा व्यवस्था को निम्न स्तर पर ही रख रही है। धरना देने वालों में अंकित कुमार, शिवानी शोक्टा, महावीर आदि शामिल रहे।

## नेत्र जांच एवं उपचार शिविर में 46 लोगों ने कराई जांच

चमोली : द हंस फाउंडेशन जनरल हॉस्पिटल सतपुली पौड़ी गढ़वाल की ओर से शुक्रवार को ग्राम पंचायत जुनेर में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच एवं उपचार शिविर लगाया गया। निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन ग्राम प्रधान नरेंद्र भंडारी के नेतृत्व में हुआ। जिसमें द हंस फाउंडेशन के चिकित्सकों ने ग्रामीणों की आंखों की जांच की। ग्रामीणों को निःशुल्क दवाई के साथ ऑपरेशन के लिए सतपुली रेफर किया गया। ग्राम प्रधान नरेंद्र भंडारी ने बताया हंस फाउंडेशन के सहयोग से कैंप लगाया गया है। गांव से अस्पताल दूर दराज होने से मरीजों को अधिक परेशानियां का सामना करना पड़ता है उसी को ध्यान में रखते हुए कैंप लगाया गया। कैंप लगाने से मरीजों को सहूलियत मिली। समाजिक व जनहित कार्यों के लिए आगे भी कैंप लगाया जाएगा।

# कैबिनेट मंत्री ने सिमरन को सम्मानित किया

रुद्रप्रयाग : हिंदी दिवस के मौके पर उत्तराखंड भाषा संस्थान देहरादून द्वारा रुद्रप्रयाग जिले के राजकीय इंटर कॉलेज बाड़ा बच्छणस्यूं की छात्रा कुमारी सिमरन को हाईस्कूल की परिषदीय परीक्षा में 99 अंक हासिल करने पर कैबिनेट मंत्री डॉ. सुबोध उनियाल द्वारा सम्मानित किया गया। उन्हें मंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। छात्रा की सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद सिंह रावत ने कहा कि यह संपूर्ण विद्यालय क्षेत्र और जनपद के लिए गौरव का क्षण है। विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं के साथ ही माता पिता के अच्छे मार्गदर्शन उसकी मेहनत और लगन का ही प्रतिफल है कि उन्हें यह कामयाबी मिली। सिमरन ने उपलब्धि का श्रेय अपनी हिंदी अध्यापिका प्रियंका भट्ट एवं अपने माता पिता व गुरुजनों को दिया। कहा कि मेहनत और लगन से कुछ भी हासिल करना संभव है। हिंदी की अध्यापिका प्रियंका भट्ट ने कहा कि बच्चों की उपलब्धि सदैव कुछ नया करने के लिए प्रेरित करती है।

विद्यालय के शिक्षक एवं राजकीय शिक्षक संघ अगस्त्यमुनि के ब्लॉक अध्यक्ष शंकर भट्ट ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि सिमरन की इस उपलब्धि को अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बताया। राजकीय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नरेश कुमार भट्ट एवं जिला मंत्री आलोक रौथाण ने राजकीय शिक्षक संघ की ओर से संपूर्ण विद्यालय परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। कहा कि यह सम्पूर्ण शिक्षक समाज के लिए गर्व का विषय है। अभिभावक शिक्षक संघ की अध्यक्ष गौरी देवी ने भी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी जैसे साहित्यिक विषय में 99 अंक प्राप्त करना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रमेश पटवाल, राजकीय शिक्षक संघ जिला उपाध्यक्ष शिशपाल पंवार, अगस्तमुनि ब्लॉक मंत्री अंकित रौथाण, जखोली ब्लॉक मंत्री प्रवीन घिगड़ियाल, ऊखीमठ ब्लॉक मंत्री अजय भट्ट, जिला संयुक्त मंत्री दीपक नेगी संयुक्त मंत्री महिला कुसुम भट्ट, संगठन मंत्री विमला राणा, महिला उपाध्यक्ष ललिता रौतेला, ब्लॉक महिला उपाध्यक्ष रीना बागड़ी, महावीर रौथाण, प्रियंक रूडोला, शशि गुसाईं, प्रीति डोभाल, संजीव लोचन चौहान, भूपेंद्र गुसाईं, विनोद रावत, संदीप गुसाईं आदि ने खुशी जताई। (एजेंसी)

# राज्यपाल ने सुनी पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याएं





देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को राजभवन में पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याएं सुनी। राज्यपाल द्वारा राजभवन में पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान हेतु समय–समय पर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। आज विभिन्न जनपदों के दूरस्थ क्षेत्रों से कुल 08 लोगों द्वारा अपनी–अपनी शिकायतें/समस्याएं राज्यपाल के सम्मुख रखीं। इस अवसर पर पूर्व सैनिक व उनके आश्रितों द्वारा पेंशन से संबंधित समस्याएं, उपनल में नियुक्ति से संबंधित, आर्थिक सहायता व अन्य समस्याएं राज्यपाल के सम्मुख रखी गयी। राज्यपाल ने सभी समस्याओं को गम्भीरता से सुना और उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। राज्यपाल ने कहा कि सभी शिकायतों का नियमानुसार यथाशीघ्र निस्तारण किया जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि विषम परिस्थितियों में हमारे जवान पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं, उसी तत्परता से हमें उनके परिवारजनों की देखभाल व सहायता करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने राजभवन में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों की समस्याओं के समाधान हेतु नियुक्त शिकायत निवारण अधिकारी को सभी समस्याओं को यथाशीघ्र संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करने के निर्देश दिये और कहा कि इसका फीडबैक भी अवश्य लिया जाए।

## पुरानी एंबुलेंस बदल नई एंबुलेंस भेजने की मांग की

विकासनगर। क्वांसी में तैनात पुरानी 108 एम्बुलेंस को बदल कर नई एम्बुलेंस भेजने की मांग की गई है। इसके लिए व्यापार मंडल क्वांसी और स्थानीय ग्रामीणों ने एसडीएम चकराता के माध्यम से सीएमओ देहरादून को ज्ञापन भेजा है। सीएमओ को प्रेषित पत्र में व्यापारियों ने लिखा है कि पिछले वर्ष सरकार द्वारा सात खतों के केंद्र बिंदु क्वांसी स्थित पी एच सी में 108 एम्बुलेंस तैनात की थी, लेकिन उसके कुछ दिनों बाद ही यहां तैनात नई एम्बुलेंस को यहां से हटाकर एक पुरानी एम्बुलेंस को यहां भेज दिया गया जो अक्सर खराब होती रहती है। उनका कहना है कि कई बार एम्बुलेंस मरीज को लेजाते समय आधे रास्ते मे ही खराब हो जाती है।

# ब्लाइंड मर्डर केस के खुलासे पर पुलिस का सम्मान

ऋषिकेश। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम आयोजित कर रायपुर पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया। इन पुलिस कर्मियों ने हाल ही में एक महिला के मर्डर केस को एक दिन में सुलझाते हुए अपराधियों को पकड़ा था। जिसको लेकर क्षेत्रवासियों ने पुलिस के कार्य की सराहना की। शुक्रवार को रायपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में रायपुर के थानो क्षेत्र में महिला की हत्या कर कर शव सुनसान इलाके में फेंके जाने के ब्लाइंड केस मामले में अपराधी को गिरफ्तार किए जाने पर पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता जितेंद्र बिष्ट ने कहा कि बीते दिनों रायपुर के थानो क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना हुई थी। जिसमें एक महिला का शव सुनसान इलाके में पाया गया था। यह ब्लाइंड केस था। लेकिन पुलिस ने इस मामले में एक दिन में ही खोल दिया और अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया, जो सराहनीय है। कांग्रेस नगर अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह करतार ने कहा कि पुलिस ने बेहतर कार्य किया है। उन्होंने अपराधियों को कड़ी सजा देने की मांग की। सम्मानित होने वालों में एसओ कुंदन राम, एसएसआई नवीन जोशी, एसआई सुनिल नेगी, प्रेम सिंह नेगी, हेड कांस्टेबल दीप प्रकाश, संतोष, त्रिभुवन, कांस्टेबल सौरभ, शोभा सेमवाल, दिनेश सिंह, प्रदीप सिंह, एसआई रमन बिष्ट रहे।

### एक नजर

## छात्रों को नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, मतदान की दिलाई शपथ

नई टिहरी : धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेन्द्रनगर में एनएसएस इकाई और नरेन्द्रनगर पुलिस ने संयुक्त रुप से सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति जागरुकता को लेकर रैली निकाली। छात्रों को नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा तथा मतदान की शपथ भी दिलाई गई। शुक्रवार को नरेन्द्रनगर तहसीलदार अयोध्या प्रसाद उनियाल तथा महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. राजेश कुमार के नेतृत्तव में छात्र-छात्राओं ने नरेन्द्रनगर बाजार में नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा और मतदान को लेकर जागरुकता रैली निकाली। तहसीलदार ने छात्रों को नशे से रहने, सड़क सुरक्षा और मतदान के बारे में जानकारी दी। साथ ही वाहन चलाते समय हेलमेट पहने और सीट बेल्ट उपयोग जरुर करने को कहा। सीनियर सब इंस्पेक्टर गोपाल दत्त भट्ट ने बताया कि देश में प्रतिदिन करीब 415 हादसे सड़क नियमों की अनदेखी के कारण होते हैं। इस अवसर पर आशा किरण सेवा आश्रम में रह रहे निराश्रितों को फल, खाद्यन के पैकेट बांटे गये। मौके पर एनएसएस अधिकारी डॉ. संजय कुमार, पंकज घनशाला, सुभाष, विजय पाल, कल्पना, सरोजनी आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

## खराब मौसम, चिनूक नहीं भर सका उड़ान

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम में निर्माण के लिए भारी सामग्री को पहुंचाने के लिए सेना का चिनूक हेलीकॉप्टर शुक्रवार को भी केदारनाथ के लिए उड़ान नहीं भर सका। चिनूक को गौचर हवाई पट्टी पर ही रुकना पड़ा।

हालांकि शुक्रवार से चिनूक को निर्माण सामग्री केदारनाथ पहुंचानी थी। केदारनाथ धाम में फेस 2 के निर्माण कार्यों के लिए भारी सामग्री को केदारनाथ पहुंचाने के लिए चिनूक की मदद ली जा रही है। फेस 1 के कामों में भी एमआई 26 के साथ ही चिनूक ने भारी मशीने और सामग्री केदारनाथ पहुंचाई। अब फिर से केदारनाथ में सामान पहुंचाने के लिए चिनूक गुरुवार को गौचर हवाई पट्टी पर पहुंचा।

# परमार्थ निकेतन गंगा तट पर पांच दिवसीय नानी बाई का मायरा का शुभारम्भ




ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन गंगा तट पर प्रसिद्ध कथा व्यास जया किशोरी जी के श्री मुख से नानी बाई का मायरा दिव्य कथा का शुभारम्भ हुआ। राजस्थान सहित भारत के विभिन्न राज्यों से आये श्रद्धालुओं इस दिव्य कथा का रसपान कर रहे हैं। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कथा के दिव्य मंच से भक्ति, भाव, समर्पण और प्रेम का संदेश देते हुये कहा कि माँ गंगा के पावन तट पर एक रस गंगा प्रवाहित हो रही है। ये प्रसंग व ये दृश्य अद्भुत है। जीवन में हमें बहुत कुछ जीने व जानने को मिलता है, बहुत सारे लोग भी मिलते हैं उसमें कुछ पल, कुछ एहसास ऐसे होते हैं जो सदा के लिये हमारे दिलों में रह जाते हैं। गंगा के पावन तट पर आज आप जो जी रहे हैं वह पल बड़े ही दिव्य पल है। स्वामी जी ने कहा कि प्रभु कृपा से जीवन की यात्रा बड़ी ही प्यारी व दिव्यमय हो जाती है। जीवन की यात्रा बड़ी अद्भुत होती है और यह तो वह धरती है जिसने पूरे विश्व को विश्वमंगल के सूत्र दिये है। ये वह धरती है जिससे वसुधैव कुटुम्बकम् के स्वर उत्पन्न हुये है। यह वह धरती है जहां पर हिमालय व गंगा जी की पवित्रता से पूरे विश्व को कुछ ऐसे मिला जिसकी उसे तलाश है। स्वामी जी ने कहा कि भारत की भूमि, भारत की माटी व भारत के रिश्ते अद्भुत है और इसका एहसास भी अनोखा है इसलिये इन रिश्तों को बनाये रखे यह बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को कार देने में कोई समस्या नहीं है परन्तु उन्हें कार मिले या न मिले लेकिन संस्कार जरूर मिलने चाहिये यह बहुत जरूरी है। ये जो संस्कारों की यात्रा है यह बहुत जरूरी है। संस्कारों होने पर ही जीवन किसी के काम आ सकता है। हम धनवान बनें परन्तु धर्मवान भी बनें। उन्होंने कहा कि जिनके दिल में सत्य है, प्रेम है, करूणा है वहीं धनवान है और यह आता है इन दिव्य कथाओं और सत्संग से। स्वामी जी ने कहा कि हमें वस्त्रों पर नहीं बल्कि विचारों पर ध्यान देना होगा। धन को धर्म में लगाये, जीवन को धर्म में लगाये यही सच्ची पूंजी है।सुश्री जया किशोरी जी ने आज की कथा में प्रसंग सुनाया कि नरसीजी अपना सबकुछ दान करने के बाद जब साधु–संतों के साथ तीर्थयात्रा कर रहे थे। इस बीच उनकी मुलाकात कुछ याचकों से हुई। वे उनसे धन, भोजन और जीवन के लिए जरूरी चीजें मांगने लगे। नरसी जी अपना सर्वस्व पहले ही दान कर ही चुके थे, इसलिए वे धन देने में समर्थ नहीं थे।

आखिरकार उन्हें एक उपाय सूझा, वे एक साहूकार के पास गए और अपनी मूंछ का एक बाल उसके पास गिरवी रख उसके बदले प्राप्त पूरा धन याचकों को दे दिया। इस घटना को जब एक व्यक्ति ने देखा तो उसे लालच हो गया। वह भी इसी तरीके से धन पाने की लालसा लिए उसी साहूकार के पास गया और मूंछ की बाल के बदले धन का मांग किया। साहूकार की सहमति पाने के बाद उसने मूंछ का बाल दिया, लेकिन साहूकार संतुष्ट नहीं हुआ। लोभ में वह व्यक्ति मूंछ के बाल उखाड़कर देता रहा और साहूकार कमियां निकालता रहा। आखिर में साहूकार ने कहा कि तुम्हारी मूंछ का बाल इस योग्य ही नहीं कि मैं उसे गिरवी रखकर एक फूटी कौड़ी भी दे सकूं। नरसी जी के लिए तो याचकों का अभाव ही सबसे बड़ा दर्द था इसलिए मैंने उसके मूंछ के बाल के बदले धन दे दिया। जिसमें दीन–दुखियों के लिए इतना समर्पण हो आज हम सभी के हृदय में इसी समर्पण की जरूरत है।इस अवसर पर नरेश, ललिता, नंदकिशोर, नूतन, राहुल सिंघल, खुशबू, सागर, प्राची, प्रशन्त्र एवं राजस्थान से आये सम्पूर्ण गोयल परिवार ने सहभाग कर श्री कृष्ण भक्ति में डूबी अनूठी कथा कर रसपान कर रहे हैं।

# आरटीआई में हुआ सनसनीखेज खुलासा.. 29 महीने में 3854 महिलायें और 1134 लड़कियां हुई लापता

हरिद्वार। देश के अलग–अलग राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अपराध की खबरें आती रहती हैं। इसी तरह उत्तराखंड में लम्बे समय से महिलाओं के लापता होने की घटनाओं के बीच सनसनीखेज खुलासा हुआ है। राज्य के जाने माने सूचना अधिकार कार्यकर्ता (आरटीआई एक्टिविस्ट) काशीपुर निवासी नदीम उद्दीन को पुलिस मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराई सूचना में हुआ है कि जनवरी, 2021 से मई, 2023 के बीच मात्र 29 महीने में 3854 महिलायें और 1134 लड़कियां लापता हो गईं। लापता महिलाओं और लड़कियों की गुमशुदगी पुलिस विभाग में पंजीकृत हुई है। इन मामलों में पुलिस और स्थानीय जनता की सक्रियता से इनमें से 2961 महिला तथा 1042 लड़कियां बरामद भी की जा चुकी हैं।पुलिस मुख्यालय द्वारा आरटीआई एक्टिविस्ट नदीम उद्दीन को उपलब्ध कराई सूचना के अनुसार, राज्य के 13 जिलों तथा रेलवे सुरक्षा पुलिस (जी.आर.पी.) के अंतर्गत, जनवरी 2021 से मई 2023 तक कुल 3854 महिलायें गुमशुदा दर्ज की गई है। इनमें 2021 में 1494, वर्ष 2022 में 1632 तथा वर्ष 2023 में मई तक 728 महिलायें शामिल हैं। इसी अवधि में कुल 1132 लड़कियां गुमशुदा दर्ज हुई हैं। जिसमें 2021 में 404, साल 2022 में 425 और 2023 में मई तक 305 लड़कियां शामिल हैं।आरटीआई कार्यकर्ता को उपलब्ध कराई गई गुमशुदा महिलाओं की बरामदगी के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2021 से मई 2023 तक कुल 2961 महिलाएं बरामद हुई हैं। इसमें 2021 में 1271, साल 2022 में 1281 और 2023 में मई तक 409 महिलायें शामिल हैं। जबकि इस दौरान कुल 1042 गुमशुदा लड़कियां बरामद हुई हैं, जिसमें 2021 में 393, साल 2022 में 403 और 2023 में मई तक 246 लड़कियां शामिल हैं।गुमशुदा महिलाओं के जिलावार विवरण के अनुसार, नैनीताल जिले में 2021 में 168, साल 2022 में 165 और 2023 में मई तक 53 महिलाएं गायब हुई हैं।

उधमसिंह नगर जिले में क्रमशः 343, 415, 183, पिथौरागढ़ जिले में 14, 18, 7, अल्मोड़ा जिले में 25, 44, 23, टिहरी जिले में 59, 49, 35, बागेश्वर जिले में 34, 26, 12, पौड़ी जिले में 43, 58, 19, उत्तरकाशी जिले में 34, 169, चमोली में 31, 26 तथा 14, चम्पावत जिले में 23, 48 तथा 25, रुद्रप्रयाग जिले में 14, 15 तथा 10 और रेलवे क्षेत्र (जी.आर.पी. अन्तर्गत) में वर्ष 2021 में तीन, 2022 में एक तथा 2023 में मई तक शून्य गुमशुदा महिला दर्ज हुई हैं।

## युवक पर दुराचार व गाली गलौज करने का आरोप

विकासनगर। थाना सहसपुर क्षेत्र के अंतर्गत एक युवती ने एक युवक प डेढ़ वर्ष से दुराचार करने का आरोप लगाया है। कहा कि आरोपी लगातार उसका शारीरिक शोषण करता रहा। बताया कि अब आरोपी उसके साथ गाली–गलौज कर रहा है। सहसपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुराचार व गाली–गलौच का मुकदमा दर्ज कर दिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उसके ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। थाना क्षेत्र के अंतर्गत युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपी मोनू कुमार पुत्र गणपत कुमार निवासी मनोटा अमरोहा यूपी हाल निवासी शंकरपुर हकूमतपुर ने अपनी मीठीवेली में उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया।

## अर्थव्यवस्था मजबूत करने में आधी महिला आबादी की अहम भूमिकाः मधु चौहान

विकासनगर। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत नगर पालिका के टाउन हॉल में शुक्रवार को स्वयं सहायता समूह की न्याय पंचायत एनफील्ड कलस्टर आम सभा आयोजित की गई। वार्षिक आम सभा में जिलास्तरीय पदाधिकारियों समेत क्षेत्र के विभिन्न समूहों से जुड़ी सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। आमसभा का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुन्ना सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान ने किया। विधायक ने कहा कि आज ग्राम संगठनों से जुड़ी महिलाओं द्वारा अपनी अजीविका बढ़ाने, प्रत्येक महिला को सशक्त बनाने के लिए अहम भूमिका निभाई जा रही है। क्लस्टर से जुड़ी महिलाएं आज अपने कार्यों से सभी को अपना कारोबार करने के लिए प्रेरित कर रही हैं। कहा कि भारत में अयोजित जी–20 सम्मेलन में भी भारतीय महिलाओं की विकास में अहम भूमिका को देखते हुए महिला केन्द्रित विकास नाम दिया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं का स्वरोजगार से जुड़ना राष्ट्र के विकास का प्रतीक है। अब देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में आधी आबादी भी अपनी पूरी भागीदारी निभा रही है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष शांति जुवांठा, क्लस्टर की अध्यक्ष पुष्पा त्यागी, किरन पंत, अलका पांडे, सुनीता शर्मा, कल्पना बिष्ट, रजनी दीवान, अनिता शर्मा, सुदेश आदि मौजूद रहे।

# चुनाव में जीत को बूथ मजबूत करेगी भाजपा

ऋषिकेश। भाजपा क्षेत्र में पन्ना समितियां गठित कर बूथ को मजबूत करने का काम करेगी। वहीं कार्यकर्ताओं द्वारा बस्तियों में जाकर लोगों को प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिला या नहीं यह भी सुनिश्चित करने का काम किया जाएगा। शुक्रवार को ऋषिकेश जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला ने कहा कि भाजपा पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन को युवा संकल्प दिवस के रूप में मनाने जा रही है। जिसके तहत पार्टी कार्यकर्ता भाजपा की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने, आयुष्मान कार्ड योजना से वंचित लोगों के लिए शिविर लगाने के अलावा विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे। वहीं 25 सितंबर को पंडित दीन दयाल उपाध्याय के जन्मदिवस पर बस्तियों में जाकर उन्हें भारत सरकार की योजनाओं का लाभ मिला या नहीं यह सुनिश्चित करेगी। बताया कि पार्टी प्रत्येक वार्ड में जाकर बूथ को मजबूत करने का काम करेगी।

## दो लोगों पर मारपीट व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत यमुना कॉलोनी डाकपत्थर निवासी ग्रामीण ने दो लोगों पर मारपीट, गाली–गलौच और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। ग्रामीण की तहरीर पर डाकपत्थर चौकी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुर्गा प्रसाद पाठक पुत्र घनश्याम पाठक निवासी नई यमुना कॉलोनी डाकपत्थर ने पुलिस को दी तहरीर देकर बताया कि जितेंद्र कश्यप पुत्र गुन्नालाल निवासी माधवपुरम डाकपत्थर, राजेश कश्यप निवासी फतेपुर हरबर्टपुर डांडा बस्ती डाकपत्थर में आरोपियों ने बुरी तरह से पिटाई की। बताया कि आरोपियों ने उसे गाली–गलौच कर जान से मारने की धमकी दी है।

# सुव्यवस्थित, सुसंगठित और क्रमबद्ध ज्ञान ही है विज्ञानः प्रेमचंद



ऋषिकेश। श्रीदेव सुमन विवि कैंपस ऋषिकेश में भौतिक विज्ञान में उन्नति, समाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। वक्ताओं ने मानव जीवन में भौतिक विज्ञान की महत्ता के बारे में बताया। शुक्रवार को श्रीदेव सुमन विवि के ऋषिकेश कैंपस में सतत विकास और एनईपी विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ कबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि सुव्यवस्थित, सुसंगठित और क्रमबद्ध ज्ञान को ही विज्ञान कहते हैं। हमारे देश में प्राचीन काल से ही विज्ञान के साथ–साथ भौतिक का महत्व रहा है। हमारा राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम एक सकारात्मक अभियान था, यह केवल एक विदेशी हुकुमत से पीछा छुड़ाने की साधारण बात नहीं थी। इसी अभियान ने आधुनिक विज्ञान को तकनीकी एवं उद्योगों के लिए तैयार करना शुरू किया।

# चिकित्सकों पर हुई कार्रवाई, स्वास्थ्य विभाग ने भेजा कारण बताओं नोटिस

## गुरुवार को स्वास्थ्य सचिव ने किया था राजकीय बेस चिकित्सालय का निरीक्षण ,सीएमओ पौड़ी, सीएमएस बेस अस्पताल, डेंगू वार्ड के फिजिशियन व पैथोलाजिस्ट को भेजा गया कारण बताओं नोटिस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** राजकीय बेस चिकित्सालय में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर भड़के स्वास्थ्य सचिव आर राजेश कुमार ने सीएमओ पौड़ी प्रवीण कुमार, सीएमएस कोटद्वार डा. विजयेश भारद्वाज, डेंगू वार्ड के फिजिशियन जेसी ध्यानी व पैथोलॉजिस्ट डा. सुप्रिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

गुरुवार को कोटद्वार बेस अस्पताल पहुंचे स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार चिकित्सालय का निरीक्षण किया था। स्वास्थ्य सचिव ने आपातकालीन कक्ष, सीटी स्कैन मशीन, एमआरआई मशीन के बारे में जानकारी ली थी। इसके उपरांत उन्होंने डेंगू वार्ड में भर्ती मरीजों का हाल जाना था। जिसमें एक महिला ने स्वास्थ्य सचिव को बताया कि एक दिन पूर्व उन्हें डेंगू ठीक होने की बात कह कर घर भेज दिया गया था। लेकिन, देर रात अचानक उनकी तबीयत दोबारा खराब होने लगी। उपचार में इस तरह की लापरवाही पर भड़के स्वास्थ्य सचिव ने चिकित्सकों को फटकार लगाई थी। उन्होंने अस्पताल में भर्ती डेंगू मरीजों का बेहतर उपचार नहीं होने पर चिकित्सकों को कार्रवाई की चेतावनी दी। चिकित्सालय निरीक्षण के दौरान जच्चा-बच्चा वार्ड में भी कई खामियां नजर आई। निरीक्षण के दौरान पैथोलाजी लैब में पहुंचे स्वास्थ्य सचिव ने डेंगू की जांच के लिए करवाए जा रहे टेस्ट के बारे में जानकारी ली थी। लेकिन, वह लैब में तैनात चिकित्सक की बातों से संतुष्ट नहीं हुए। नतीजा अब उन्होंने लापरवाह चिकित्सकों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। यही नहीं पैथोलोजिस्ट व डेंगू वार्ड के फिजिशियन को कारण बताओ नोटिस के साथ ही उनका वेतन रोक दिया गया है।



राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार

### कार्रवाई की दी थी चेतावनी

गुरुवार को निरीक्षण के दौरान बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर स्वास्थ्य सचिव ने चिकित्सकों को कार्रवाई की चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि यदि उन्हें भविष्य में अस्पताल की अव्यवस्थाओं को लेकर शिकायत मिली तो वह चिकित्सकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।\

स्वास्थ्य सचिव की पहली सख्ती चिकित्सकों को भेजे गए कारण बताओं नोटिस व वेतन रोकने के रूप में सामने आई है।

## स्वच्छता पखवाड़ा शुरू, कर्मचारियों ने ली स्वच्छता की शपथ

पौड़ी : विकास भवन में स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ हो गया। 2 अक्तूबर तक चलने वाला यह स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय व स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण–शहरी) के संयुक्त तत्वावधान में मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम, अभियान जिले के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में चलाया जाएगा। सीडीओ ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत छात्रों में वाद-विवाद, निबंध आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाए। साथ ही ग्राम पंचायत व निकायों में श्रमदान और सार्वजनिक स्थलों पर पैंटिंग करवाने के भी निर्देश दिए हैं।

शुक्रवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे सहित जिला स्तरीय अधिकारी ऑनलाइन जुड़े थे। बताया कि स्वच्छता ही सेवा की थीम कचरा मुक्त भारत है, जिसका फोकस साफ-सफाई और सफाई मित्रों के कल्याण पर है। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वच्छता गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य स्वैच्छिक श्रमदान है। इन स्वच्छता अभियानों का ध्यान अधिक भीड़ वाले सार्वजनिक स्थानों जैसे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पर्यटन स्थल, चिड़ियाघर, राष्ट्रीय उद्यान और अभ्यारण्य, ऐतिहासिक स्मारक, विरासत स्थल नदी के किनारे, घाट, और नाले आदि पर होगा। इस दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर परियोजना निदेशक डीआरडीए एसके राय, मुख्य कोषाधिकारी गिरीश चंद्र, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राम सलोने आदि शामिल रहे।

## आतंकवाद के खिलाफ सख्ती दिखाएं भारत

**कोटद्वार** : पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने आतंकवाद के खिलाफ सख्ती दिखाने की मांग की है। कहा कि केंद्र सरकार को आतंकवाद के खात्मे के लिए सख्त योजना तैयार करनी चाहिए। आतंकवाद को पनाह दे रहा पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा। बैठक में परिषद के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल ने कहा कि पड़ोसी देश पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा। आए दिन देश में आतंकवादियों को भेजा जा रहा है। पाकिस्तान ने अपनी सीमा पर आंतकवादियों की चौकियां खोली हैं। ऐसे में केंद्र सरकार को इन चौकियों को तबाह करने के लिए सख्ती दिखानी चाहिए। बैठक में देश की रक्षा में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कहा कि देश की रक्षा में दिए जा रहे सैनिकों का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर सीपी डोबरियाल, अनूप बिष्ट, सुरेश रावत, विनोद ध्यानी आदि मौजूद रहे।

## बदहाल सफाई व्यवस्था पर जनाधिकार मंच ने जताया रोष

**कोटद्वार** : लगातार बढ़ रहे डेंगू के बाद भी सफाई व्यवस्था को लेकर दिखाई जा रही लापरवाही पर जनाधिकार मंच ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि नगर निगम सफाई व्यवस्थाओं को सुधारने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। समस्या को लेकर मंच के अध्यक्ष आशाराम ने नगर आयुक्त वैभव गुप्ता को ज्ञापन दिया। बताया कि कोटद्वार नगर निगम बनने के बाद क्षेत्रवासियों को बेहतर विकास की उम्मीद थी। लेकिन, नगर निगम सफाई व्यवस्था भी नहीं सुधार पा रहा है। वार्डों में जगह-जगह नालियों में पानी जमा हुआ है। सार्वजनिक स्थानों पर पड़ी गंदगी संक्रामक बीमारियों को न्यौता दे रही है। दुर्गंध के कारण आमजन का सांस लेना भी दूभर होता जा रहा है। शहर में लगातार बढ़ रहे डेंगू के मरीजों की संख्या के बाद भी निगम लापरवाह बना हुआ है। मंच ने वार्डों में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ ही कीटनाशक का छिड़काव करने की मांग की है।

## शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**श्रीनगर गढ़वाल** : श्रीनगर महानगर महिला कांग्रेस ने महिला कांग्रेस स्थापना दिवस पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर महानगर महिला कांग्रेस श्रीनगर की अध्यक्षता विनोद मैठाणी के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओं ने जम्मू कश्मीर में सेना पर हुए आतंकवादी हमले में शहीद हुए जवानों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सुधा तिवाड़ी, सोनाली रावत, रजनी देवी, बबीता, ज्योति देवी, हिना खान, शबनम, सुमन आनन्द, सुशीला मैठाणी, संतोषी पंवार, अनुकृति मैठाणी, शबाना कुरैशी, कविता वर्मा, शकुंतला देवी, प्रतिष्ठा मैठाणी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## यातायात नियमों का पालन करने की अपील

**पौड़ी :** सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को परिवहन विभाग द्वारा बाइक रैली और स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने को लेकर जागरूक किया गया। लोगों को वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करना चाहिए। यातायात नियमों और संकेतों का पालन करना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करना, दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करना चाहिए। शुक्रवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत बाइक रैली को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अकरम अली ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सचिव अकरम अली ने कहा कि आम जनमानस को हेलमेट व सीट बेल्ट धारण करने के पश्चात् ही वाहन चलाने और प्रत्येक दशा में यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में भारी कमी लाई जा सके। इसके बाद परिवहन विभाग में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में वाहन चालकों व अन्य लोगों की आंख, बीपी आदि जांच की गई। इस मौके पर आरटीओ द्वारिका प्रसाद, अनीता चंद आदि शामिल रहे।

# भाजपा ने जनता को किया गुमराह, अब जनता देगी जवाब

## कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बोले पूर्व विधायक शैलेंद्र रावत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता शैलेंद्र रावत ने भारतीय जनता पार्टी पर विकास के नाम पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। कहा कि चुनाव से पूर्व भाजपा ने जनता को झूठे सपने दिखाए थे। आज कोटद्वार शहर विकास को तरस रहा है। वर्ष 2010 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक ने कोटद्वार जिले की घोषणा की थी। लेकिन, आज तक यह योजना भी धरातल पर नहीं उतर सकी।

शुक्रवार को शैलेंद्र रावत ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि बेहतर विकास का सपना दिखाने के बाद जनता ने भाजपा को वोट दिया था। लेकिन, सत्ता मिलते ही भाजपा के नेता जनता को शोषण करने लगे हैं।

लाख फरियाद के बाद भी लालढांग-चिल्लरखाल मोटर माग, मेडिकल कालेज, केंद्रीय विद्यालय व मोटर नगर में अधिनिक बस अड्डे का निर्माण नहीं करवाया जा रहा है। राजकीय बेस चिकित्सालय रेफर सेंटर बन चुका है। बेहतर उपचार के अभाव में डेंगू सहित अन्य मरीज दम तोड़ रहे हैं। नगर निगम बेहतर कार्यों की योजना बना रहा है। लेकिन, सरकार उन्हें बजट उपलब्ध नहीं करवा रही। नतीजा, डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। कहा कि शहर में डेंगू बढ़ने के लिए पूरी तरह सरकार जिम्मेदार है। सड़कों पर बने गड्ढे आमजन की कमर तोड़ रहे हैं। उन्होंने वनंतरा प्रकरण में यमकेश्वर विस की विधायक की भूमिका पर सवाल उठाए। आरोप लगाया कि विधायक ने रिजार्ट भवन पर बुलडोजर चला कर सबूत नष्ट करने का प्रयास किया, ताकि आरोपितों को बचाया जा सके। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष पूरण सिंह रावत, बलवीर सिंह रावत, प्रवेश रावत, अंकित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते पूर्व विधायक शैलेंद्र रावत

## पार्षदों पर भड़के सफाई कर्मी, किया प्रदर्शन


कोटद्वार नगर निगम परिसर में प्रदर्शन करते सफाई कर्मी

**कोटद्वार** : शहर में सफाई व्यवस्था बेहतर नहीं होने के आरोप लगाने के बाद सफाई कर्मियों का पार्षदों पर गुस्सा भड़क उठा। सफाई कर्मियों ने कहा कि वह पूरी मेहनत व ईमानदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं। बावूजद पार्षद उन पर सफाई न करने का आरोप लगा रहे हैं।

मालूम हो कि एक दिन पूर्व पार्षदों ने नगर निगम के सफाई कर्मियों पर बेहतर साफ-सफाई नहीं करने का आरोप लगाया था। पार्षदों का आरोप था कि बेहतर साफ-सफाई नहीं होने से शहर में डेंगू सहित अन्य संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं। पार्षदों के इस आरोप के बाद आक्रोशित सफाई कर्मियों ने शुक्रवार को नगर निगम परिसर में एकत्रित होकर पार्षदों के खिलाफ नारेबाजी की। सफाई कर्मियों का आरोप था कि वह पूरी मेहनत व ईमानदारी से सफाई व्यवस्था संभाल रहे हैं। बावजूद उनके ऊपर बेतुके आरोप लगाए जा रहे हैं। यही नहीं कई सफाई कर्मी ओवर टाइम भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सफाई कर्मियों के आक्रोश के बाद मौके पर पहुंचे नगर आयुक्त वैभव गुप्ता ने पार्षदों व सफाई कर्मियों को एक साथ बैठकार विवाद को समाप्त करवाने की बात कही। कहा कि सफाई कर्मियों की कमी के बाद भी शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# तीसरी आंख करेगी पौड़ी की निगरानी

## स्मार्ट इंटेलिजेंट कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का डीजीपी ने किया लोकार्पण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** पौड़ी में 48 नए कैमरों के साथ स्मार्ट एंड इंटेलीजेंस कमांड एंड कंट्रोल रूप का डीजीपी ने शुक्रवार को ऑनलाइन लोकार्पण किया। जिससे जिले में अपराध पर अंकुश लगेगा। इन कैमरों से आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने में पुलिस को काफी मदद मिलेगी। इन कैमरों से यातायात व्यवस्था भी देखी जा सकेगी।

जिले के श्रीनगर, कोटद्वार और लक्ष्मणझूला के भी 70 अन्य कैमरों को इसी कंट्रोल रूम से जोड़ दिया जाएगा। चौबीस घंटे इस कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग की जाएगी व क्राइम कंट्रोल व ट्रैफिक मैनेजमेंट में सहायता मिल सकेगी। पीएम के स्मार्ट पुलिसिंग के विजन के मद्देनजर हर जिले में ऐसे कंट्रोल रूम केंद्र सरकार के एसिस्टेंस टू स्टेट फॉर मॉडर्नाइजेशन ऑफ पुलिस स्कीम के तहत बनाएं जा रहे हैं।

डीजीपी उत्तराखंड अशोक कुमार ने कंट्रोल रूम का वर्चुवली उद्घाटन किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने बताया कि थाना पौड़ी क्षेत्र में 48 कैमरे लगेंगे। जो शहर को चौबीस घंटे कवर करेंगे। एएनपीआर कैमरे ऑटोमेटिक वाहन की नंबर प्लेट को रिकार्ड कर सकते हैं। इससे यातायात व्यवस्था को भी सुचारु बनाये रखने में मदद मिलेगी।

कैमरों को जल्द ही मुख्य मार्ग, प्रवेश और निकासी प्वाइंट आदि में लगा दिया जाएगा। एसएसपी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत जिले के थाना श्रीनगर, कोटद्वार व लक्ष्मणझूला में लगे कैमरों को इस कंट्रोल रूम से जोड़ने का काम किया जाएगा। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार जया बलोनी, अपर पुलिस अधीक्षक संचार अनूप काला, सीओ श्याम दत्त नौटियाल, सीओ कोटद्वार विभव सैनी आदि मौजूद रहे।


स्मार्ट इंटेलिजेंट कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी ।

## श्रीकोट गंगानाली में गुलदार के भय से सहमे लोग

**श्रीनगर गढ़वाल** : श्रीकोट गंगानाली में गुलदार की दहशत बनी हुई है। लोगों का कहना है कि गुलदार उजाले में घरों के आंगन के पास धमक रहा है। जिससे लोगों को खतरा बना हुआ है। पूर्व सभासद विभोर बहुगुणा ने कहा कि वार्ड नंबर दो में 14 सितंबर को गुलदार प्रातः 10 बजे के समय नत्थी सिंह बिष्ट के घर के आंगन के पास बैठा हुआ था। साथ ही इसी मोहल्ले में गुलदार ने तीन-चार कुत्तों को भी अपना निवाला बना दिया है। उन्होंने इस संदर्भ में उप जिलाधिकारी श्रीनगर को ज्ञापन देकर क्षेत्र में जल्द से जल्द पिंजरा लगाए जाने की मांग की है। जिससे लोगों की दहशत कम हो सके। दूसरी ओर ढिकवालगांव में गुलदार के भय से लोग अभी तक सहमे हुए हैं। हाल ही में गांव के समीप मारे गए गुलदार के बावजूद लोगों का कहना है कि क्षेत्र में दूसरा गुलदार भी सक्रिय है। दहशत को देखते हुए वन विभाग की टीम भी गांव में ही तैनात है। वन दरोगा जगदीश सिंह नेगी ने बताया कि टीम की ओर से बराबर गश्त की जा रही हैं। (एजेंसी)

# युवा कल्याण का भर्ती पूर्व प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**थलीसैंण** : युवा कल्याण विभाग का भर्ती पूर्व प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को सम्पन्न हो गया है। शिविर में 15 युवाओं ने प्रशिक्षण लिया। शुक्रवार को मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान आनंद सिंह नेगी, भाजपा महामंत्री राकेश मंमगाई, प्रधान प्रशांत रावत ने युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी युवाओं ने क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी दिनेश चौहान, प्रशिक्षक आशाराम पोखरियाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कैंप समय-समय पर लगाए जाने चाहिए। मुख्य अतिथि ने युवाओं को सेना में भर्ती के लिए प्रेरित करते हुए बेहतर टिप्स दिए। कहा कि युवाओं को देश सेवा के लिए तत्पर रहने के साथ सेना में भर्ती हेतु यह प्रशिक्षण दिया गया है। इसके जरिये जहां युवा सेना में भर्ती के प्रति प्रेरित होंगे, वहीं उन्हें भर्ती में प्रशिक्षण का लाभ भी मिलेगा।


कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं अधिकारी।

## छात्रों ने किया प्रदर्शन, प्रशासनिक भवन में की तालाबंदी

**पौड़ी** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के पौड़ी परिसर के छात्रों ने परीक्षा के दौरान कुछ छात्रों को गलत पेपर बांटने का आरोप लगाते हुए परिसर के प्रशासनिक भवन में तालाबंदी करते हुए जमकर नारेबाजी की। आक्रोशित छात्रों ने परिसर निदेशक व परीक्षा नियंत्रक को पद से बर्खास्त करने की मांग उठाते हुए कुलपति को ज्ञापन भेजा।शुक्रवार को हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के पौड़ी परिसर के छात्र अर्जुन गोदियाल ने कहा कि बीते दिनों उसने बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में एकाउंट का पेपर दिया था। कहा कि परीक्षा नियंत्रक व परिसर निदेशक ने उनके व साथ अन्य छात्रों के साथ भेदभाव करते हुए उन्हें रेगुलर की जगह बैक पेपर दे दिया और परीक्षा परिणाम में 3 व शून्य नंबर दिए गए। आरोप लगाया कि परिसर निदेशक व परीक्षा नियंत्रक के द्वारा पौड़ी परिसर में राजनीतिक रूप से भेदभाव किया जा रहा है। कहा कि हमारे परीक्षा परिणाम खराब करने में परीक्षा नियंत्रक व परिसर निदेशक की मिलीभगत है। वहीं, छात्र नेताओं ने परिसर में भाजपा की बैठकें होने व एक प्रोफेसर पर एबीवीपी का सदस्यता अभियान चलाने का आरोप भी लगाया। वहीं, परिसर निदेशक प्रो. प्रभाकर बड़ोनी ने कहा कि रेगुलर की जगह बैक पेपर देने के मामले में छात्रों की समस्या हल करने के लिए श्रीनगर विश्वविद्यालय प्रशासन से लगातार पत्राचार किया जा रहा है। जल्द ही उनकी समस्या का हल कर लिया जाएगा। परिसर में भाजपा व एक प्रोफेसर द्वारा एबीवीपी का सदस्यता अभियान चलाने के मामले का संज्ञान नहीं है अभी तक इस मामले में कोई भी शिकायत नही मिली है। शिकायत मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित नौटियाल, छात्रनेता मोहित सिंह, आशीष नेगी आदि शामिल रहे।

# राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार की छात्रा राखी नेगी हुई सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : हिंदी दिवस पर उत्तराखंड भाषा संस्थान की ओर से देहरादून में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में पढ़ने वाली छात्रा राखी नेगी को भी सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में हिंदी विषय में बेहतर अंक प्राप्त करने पर मिला। रेखा की सफलता पर शिक्षक व अभिभावकों ने खुशी व्यक्त की है।

हिंदी दिवस पर उत्तराखंड भाषा संस्थान की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के कई प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसी दौरान हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में हिंदी विषय में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली राखी नेगी को भी भाषा सम्मान दिया गया। काबीना मंत्री सुबोध उनियाल ने उन्हें स्मृति चिन्ह, प्रशस्त्रि पत्र व नगदी भेंट की। राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मुकेश रावत ने बताया कि छात्रा राखी ने हिंदी भाषा में बेहतर प्रदर्शन कर पूरे विद्यालय का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता पर शिक्षक व अभिभावकों ने भी खुशी व्यक्त की है। उन्होंने विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि लक्ष्य तय कर जीवन में आगे बढ़ने वाले विद्यार्थी को अवश्य सफलता मिलती है।


देहरादून में रेखा नेगी को सम्मानित करते काबीना मंत्री सुबोध उनियाल

## पुस्तकालय में मिल रही सुविधाओं और बेहतर बनाने करेंगे प्रयास

**श्रीनगर गढ़वाल** : साइंस एंड आर्ट्स क्लब, श्रीनगर गढ़वाल द्वारा गढ़वाल विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने जा रहे प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए एक पुस्तकालय सम्बधी कार्यशाला का आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में गढ़वाल विवि के केंद्रीय पुस्तकालय के उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. एचएस बिष्ट व पवन बिष्ट ने छात्रों को पुस्तकालय में मिल रही सुविधाओं एवं ई-रिसोर्सेस के बारे में बताया। उन्होंने साइंस क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर छात्रसंघ उपाध्यक्ष रोबिन सिंह असवाल ने कहा कि आने वाले समय में पुस्तकालय में छात्रों को मिलने वाली सुविधाओं को और बेहतर बनाने के प्रयास किए जाएंगे। आर्ट्स क्लब की अध्यक्ष प्रियंका खत्री ने छात्रों को साइंस क्लब के कार्यक्रमों एवं अपने अनुभवों के बारे में बताया। कार्यक्रम में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित उछोली, शोध छात्र अतुल सती, समरवीर, ऋतिक राणा, राखी, आशुतोष, शिवांक, उदित, शरण्या, ज्योति, हिमांशी सहित बीए व बीएससी के प्रथम वर्ष के छात्र मौजूद रहे। (एजेंसी)

# अधिकारी वनभूमि हस्तांतरण संबंधी प्रकरण को अपने पास लंबित न रखें: जिलाधिकारी विनीत तोमर



अल्मोड़ा। जनपद की सड़कों, पेयजल योजनाओं एवं अन्य विकास कार्यों के लिए होने वाली वन भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया के संबंध में आज कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी विनीत तोमर ने सभी कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वनभूमि हस्तांतरण संबंधी प्रकरण को अपने पास लंबित न रखें बल्कि प्रकरणों को अपने स्तर से निस्तारित करते हुए अग्रिम स्तर पर प्रेषित कर दिए जाएं जिससे कि विकास कार्यों में गति लाई जा सके। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को भी निर्देशित किया कि उनके पास जो भी प्रकरण विभागों से आते हैं, उनका त्वरित निस्तारण किया कर। इस संबंध में जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण करने वाले संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि वन भूमि हस्तांतरण में जो भी प्रक्रिआएं होनी हैं, उन्हें संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाकर कर लिया जाए।

## जीआईसी आठगांवशिलिंग में जागरूकता अभियान चलाया

पिथौरागढ़। आठगांवशिलिंग स्थित जीआईसी में पुलिस की एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और कार्ड संस्था ने जागरूकता अभियान चलाया।

इस दौरान स्कूली बच्चों को साइबर अपराध से बचाव, नशा मुक्ति, चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल भिक्षावृत्ति, बाल अपराध, मानव तस्करी, महिला सम्बन्धी कानून, यातायात नियमों के बारे में बताया। साथ ही उन्हें हेल्पलाइन नंबर 112, 1090 1930 के बारे में भी जानकारी दी।

यहां तारा बोनाल, हेड कांस्टेबल दीपक खनका, कांस्टेबल निर्मल किशोर, रणवीर कम्बोज, कार्ड संस्था की सुनीता चंद, लता पंत मौजूद रहे।

# हैरिटेज सर्किट बनेंगे बैजनाथ, जागेश्वर, कटारमल, देवीधुरा व गूंजी: कमिश्नर

हल्द्वानी। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने बताया कि मंडल में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन विकास परिषद ने मानसखंड योजना शुरू की है। इससे सीमांत क्षेत्र पिथौरागढ़ और चम्पावत में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए टूरिस्ट डेस्टिनेशन का कायाकल्प किया जाएगा।

योजना के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को स्वरोजगार से जोड़ा जायेगा। शुक्रवार को कार्यदायी संस्था ने कमिश्नर कैंप कार्यालय में योजना के पहले फेज में होने वाले कार्यों के मास्टर प्लान का प्रेजेंटेशन दिया। कमिश्नर ने बताया कि पर्यटक कुमाऊं में हिमालय की खूबसूरत वादियों का आनंद उठा सकें, इसके लिए हैरिटेज सर्किट के तहत बैजनाथ, जागेश्वर, कटारमल, देवीधुरा व गूंजी में कई कार्य किए जाने हैं।

इन स्थानों पर मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण, पार्किंग, जन सुविधा केंद्र, पैदल मार्ग का निर्माण, विद्युत कार्य, व्यू प्वाइंट, साइनेज कार्य के साथ रास्तों पर जगह–जगह रैलिंग बनाई जाएगी। पैदल मार्ग पर पर्यटकों के बैठने के लिए बैंच का भी निर्माण किया जाएगा। खेलों को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्रों का भी निर्माण होगा। कमिश्नर ने बताया कि पिथौरागढ़ के सीमावर्ती गांव गूंजी, निति, मालारी व माणा गांवों को भी योजना में शामिल किया गया है। बैजनाथ, जागेश्वर, कटारमल व देवीधुरा और चम्पावत व लोहाघाट के साथ ही टी–गार्डन, श्यामलाताल, एबाट माउंट, मायावती आश्रम भी योजना में शामिल हैं। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देश देते हुए कहा कि चम्पावत जिले से हिमालय व्यू काफी नजदीक दिखता है। ऐसे स्पॉटों का भी चयन कर उन्हें योजना शामिल किया जाए

# संसद में महिला आरक्षण बिल पास कराने की मांग



रुद्रपुर। महिला कांग्रेस कार्यकत्रियों ने अखिल भारतीय महिला दिवस का आयोजन किया। इस दौरान महिला कांग्रेस ने आरक्षण बिल संसद में पास कराने की मांग की। शुक्रवार को महिला कांग्रेस की ओर से महिला स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने शपथ ली गई कि हर कांग्रेस कार्यकर्ता युद्ध स्तर पर पार्टी संगठन को मजबूत करने और कांग्रेस की प्राथमिकताएं जन–जन तक पहुंचाने के लिए काम करेंगी। शपथ के बाद महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष रेखा सोनकर के नेतृत्व में कार्यकत्रियां तहसीलदार हिमांशु जोशी के पास पहुंचे। जहां उन्होंने राष्ट्रप्रति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। इसमें उन्होंने संसद में महिला आरक्षण बिल पास कराने की मांग की। इस अवसर पर कविता कापड़ी, प्रदेश महासचिव लीला चंद, नगर उपाध्यक्ष शांति सामंत, ब्लॉक अध्यक्ष प्रीती राना, ब्लॉक अध्यक्ष पूजा मेहता, नगर अध्यक्ष जसप्रीत कौर आदि थे।

## जल संस्थान संविदा कर्मियों ने धरना दिया

नैनीताल। उत्तराखंड जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ ने वेतन सहित अन्य मांगों को लेकर धरना दिया। नैनीताल स्थित कार्यालय में कर्मचारियों ने शुक्रवार को शाखा अध्यक्ष अमर सिंह ने कहा कि संविदा कर्मचारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। कर्मचारियों को न तो समय से वेतन मिल रहा है और न ही महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। जल संस्थान में बड़ी जिम्मेदारियां संविदा कर्मचारियों के भरोसे ही चल रही हैं। ऐसे में उन्हें वेतन समय पर न मिलने के कारण कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कर्मचारियों ने चेताया कि यदि शीघ्र समस्याओं का समाधान ना किया गया तो आंदोलन आगे बढ़ाया जाएगा।

# डीडीहाट में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर धरना जारी




पिथौरागढ़। नगर में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर धरना दे रहे आंदोलनकारियों ने शासन–प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से वह चिकित्सकों की नियुक्ति सहित अन्य मांगें उठा रहे हैं, लेकिन कोई सुध नहीं ले रहा है। शुक्रवार को यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विक्रम दानू ने आंदोलनकारियों के समर्थन में धरना दिया। इस दौरान उन्होंने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा लोगों के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर नहीं है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में न चिकित्सक हैं नहीं ही अन्य सुविधाएं, बावजूद इसके सुनने वाला कोई नहीं है। कहा कि आज तक क्षेत्र की जनता इलाज के लिए दूसरे शहरों के अस्पतालों पर निर्भर है। लोगों को इलाज के लिए सैकड़ों मील का सफर तय करना पड़ता है। इससे उन्हें आर्थिक हानि तो होती ही है, जान पर संकट भी बना रहता है। आंदोलनकारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों को लेकर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया जाएगा तो आंदोलन पर डटे रहेंगे।

# किसानों ने की 1अक्टूबर से कच्चा आढ़ती के माध्यम से धान खरीद कराने की मांग की



रुद्रपुर। खटीमा में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष गुरसेवक सिंह के नेतृत्व में किसान तहसील पहुंचे। किसानों ने एसडीम रविंद्र बिष्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री को पांच सूत्रीय मांग पत्र भेजा। पत्र में किसानों ने कहा कि 1 अक्टूबर से धान की खरीद मंडी समिति में कच्चा आढ़ती, सरकारी धान खरीद केंद्रों में शुरू कराई जाए। ताकि समय से धान खरीद शुरू होने पर किसानों को समर्थन मूल्य मिल सके। अन्यथा किसान बिचौलियों के हाथों औने पौने दाम में धान बेचने को मजबूर होता है। किसानों ने कहा कि गत वर्ष पीआर 126 और एचआर 147 की खरीद केंद्रों पर नहीं की गई। इससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इसके अलावा किसानों को 48 घंटे में धान की पेमेंट करने, खरीद केंद्रों पर किसानों के बैठने और पीने के पानी की व्यवस्था करने, बेमौसम बारिश की वजह से धान को हुए नुकसान को देखते हुए 300 रुपये प्रति कुंतल बोनस देने की मांग की। इस अवसर पर हीरा सिंह संधू, राकेश सिंह, बलजीत सिंह, जरनैल सिंह, हरजीत सिंह, गुरविंदर सिंह, आदित्य आदि थे।

## डेंगू की रोकथाम को लेकर विधायक ने बुलाई बैठक

रुद्रपुर। खटीमा में डेंगू की रोकथाम को लेकर विधायक भुवन कापड़ी ने तहसील सभागार में तीन विभागों के अधिकारियों की बैठक बुलाई ।

इसमें उन्हें डेंगू की रोकथाम, मरीज के उपचार को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीम रविंद्र सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में हुई बैठक में विधायक कापड़ी ने नगर पालिका को प्रत्येक वार्ड में फॉगिंग और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने के निर्देश दिए। ईओ दीपक शुक्ला ने कहा नगरपालिका के पास दो फागिंग मशीन हैं।

# सीएम के जन्म दिन से पहले भाजपाइयों ने किया 16 यूनिट रक्तदान

रुद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन से एक दिन पूर्व उप जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामु जोशी ने कहा कि इस कार्यकर्ताओं ने 16 यूनिट रक्तदान किया गया। ब्लड बैंक इंचार्ज भानु प्रसाद रस्तोगी ने कहा कि इस समय डेंगू के मरीजों को ब्लड की जरूरत पड़ रही है। यह रक्तदान डेंगू के मरीजों के लिए बहुत लाभदायक होगा।रक्तदान शिविर के संयोजक नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने कहा कि प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी के जन्म दिवस से पूर्व प्रथम बार भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री दिन रात प्रदेश के विकास के लिए योजनाएं तैयार कर रहे हैं। उन योजनाओं को लागू करने के लिए, ईमानदारी से प्रयास कर रहे हैं। आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनके जन्मदिन दिवस के उपलक्ष पर रक्तदान का आयोजन कर एक मिसाइल पेश की है। रक्तदान करने वालों में मनोज वाधवा, डॉक्टर नवीन भट्ट, वरिष्ठ व्यवसाई बलवंत खड़ायत, हरिमोहन जोशी, दीपक गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, किरन चंद, धर्मवीर राणा, ठाकुर अमित कुमार सिंह, सरदार कुलदीप सिंह, ठाकुर जितेंद्र सिंह, एससी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नवल वाल्मीकि, एडवोकेट विशाल चौहान, पप्पू मुरारी, मेहताब राजा, राहुल चौहान थे। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, वरिष्ठ भाजपा नेता भवानी भंडारी, सिस्टर इंचार्ज पदमा गुरंग की देखरेख में ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया।

# सभासद अमित साह ने नगरपालिका और प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा



अल्मोड़ा। विगत सायं एक घन्टे की हुई तेज बारिश से रानीधारा क्षेत्र में लोगों के घरों में मलबा घुस गया। जिससे गुस्साए लोगों ने आज रानीधारा नौले के पास एकत्रित होकर सभासद अमित साह मोनू के नेतृत्व में नगरपालिका और प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने नगरपालिका और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सभासद अमित साह मोनू ने कहा कि हर बारिश में रानीधारा क्षेत्र में लोगों के घरों में मलवा घुस रहा है लेकिन नगरपालिका और प्रशासन के द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है।

उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर वह पूर्व में बोर्ड बैठक का भी बहिष्कार कर चुके हैं लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि अगर स्थिति ऐसी ही बनी रही तो कभी भी तेज बारिश में रानीधारा की हालत जोशीमठ जैसी हो सकती है। सभासद साह ने कहा कि नगरपालिका और प्रशासन यदि अब भी जनहित में कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो उन्हें जनता को साथ लेकर वृहद आन्दोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## अस्पताल में भर्ती युवक गुलदार की खाल के साथ गिरफ्तार

हल्द्वानी। एसओजी और पुलिस ने मुखानी चौराहा स्थित एक अस्पताल में भर्ती युवक को गुलदार की दो खालों के साथ पकड़ा है। उसका एक साथी फरार बताया जा रहा है। शुक्रवार को कोतवाली स्थित बहुद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि अगर पुलिस टीम समय पर अस्पताल नहीं पहुंचती तो मुख्य आरोपी भी भाग जाता, क्योंकि वह खुद को डिस्चार्ज करा चुका था। एसएसपी ने बताया, शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर मुखानी थाना पुलिस और एसओजी टीम ने एक निजी अस्पताल में चेकिंग अभियान चलाया तो वहां एक युवक गुलदार की दो खालों के साथ पकड़ा गया। उसने गुलदार की खाल कट्टे में छिपाकर रखी थीं।

# रेरा के नियम के खिलाफ किसानों का धरना दूसरे दिन भी जारी



हल्द्वानी। जमीन की खरीद और बिक्री के लिए रेरा के नियम का किसान विरोध कर रहे हैं। हल्द्वानी के में किसानों का धरना दूसरे दिन भी जारी है। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी किसानों में भ्रम फैला रहे हैं। जहां एक अधिकारी ट्विन सिटी 2600 हेक्टर से ज्यादा जमीन पर गौलापार में बनाए जाने की बात कहते हैं। वहीं जिलाधिकारी बयान जारी कर इस प्रस्ताव की जानकारी नहीं होने की बात कह रही है। जिससे किसानों में भ्रम की स्थिति बनी हुई बनी हुई है। मांग की गई की रेरा के नियम को वापस लेते हुए ट्विन सिटी नहीं बनाने का शासनादेश जारी किया जाए।

# संविदा कर्मियों ने उठाई समझौते का पालन करने की मांग




हल्द्वानी। जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ विभागीय समझौते का पालन करने की मांग के लिए धरना दे रहा है। कर्मियों ने बताया कि पूर्व में 22 दिन की हड़ताल के बाद विभागीय अधिकारियों के साथ मांगों के संदर्भ में समझौता हुआ था । एक वर्ष से ज्यादा समय के बाद भी इसका पालन नहीं किया जा रहा है। जिससे संविदा कर्मियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कहा कि इसके विरोध में एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया जा रहा है। जल्द ही कार्रवाई न होने पर फिर से कर्मचारी हड़ताल पर जाने को मजबूर हो जाएंगे। इस मौके पर गोविंद आर्य, श्याम सिंह, गिरीश चंद्र सहित हल्द्वानी डिवीजन में कार्यरत संविदा कर्मचारी मौजूद है।

## भावना बनीं जिला महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष

पिथौरागढ़। जिला महिला कांग्रेस में भावना नगरकोटी को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उत्तराखंड पीएमसी की इंचार्ज परमिंदर कौर ने प्रदेश के नए जिलाध्यक्षों का नियुक्ति का पत्र जारी किया है। नगर के दौला की सभासद नगरकोटी को महिला कांग्रेस कमेटी का जिलाध्यक्ष नियुक्त करने पर कई ने उन्हें बधाई दी है। वे पूर्व में जिला कांग्रेस में महामंत्री,ब्लाक अध्यक्ष,दौला की प्रधान रह चुकी हैं।

2018 से वह दौला वार्ड की सभासद हैं। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष भावना ने कहा कि कांग्रेस को मजबूत करने के लिए वह हरसंभव कार्य करेंगी। अधिक से अधिक महिलाओं को कांग्रेस की रीतियों व नीतियों से जोडा जाएगा। उन्होंने विधायक मयूख महर,प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला का आभार जताया।

# स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में कोई भी नशीली वस्तु की बिक्री नहीं की जाए



अल्मोड़ा। एनडीपीएस एक्ट 1985 में वर्णित प्रावधानों/निर्णयों के अंतर्गत जनपद में भांग, अफीम, खस खस जैसी अवैध खेती को रोकने या समाप्त किए जाने हेतु एनकॉर्ड की जनपद स्तरीय समिति की बैठक जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में नशे की सामग्री की सप्लाई करने वाले अपराधियों की खोजबीन की जाए तथा नशीले पदार्थों के सोर्स तक पहुंचकर उसकी श्रृंखला को तोड़ा जाए।

इस दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में नशा मुक्ति के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूलों में समय समय पर बच्चों के अभिभावकों के साथ भी नशा मुक्ति को लेकर बैठकें की जाएं। साथ ही उन्होंने नशा मुक्ति अभियानों में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में कोई भी नशीली वस्तु की बिक्री नहीं की जाए।

# स्काउट गाइड गतिविधि से होगा छात्रों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास

जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : उत्तराखंड भारत स्काउट गाइड के दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय द्वितीय सोपान जांच रैली का राजकीय इंटर कॉलेज थलीसैंण में सम्पन्न हो गई है। रैली में विकासखंड थलीसैंण के 34 विद्यालयों से लगभग 300 छात्र-छात्राओं, स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन ने प्रतिभाग किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी विवेक पंवार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड गतिविधि से छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है, जिससे वे समाज व देश के सुयोग्य नागरिक बन सकते हैं।

स्काउट गाइड के ब्लॉक सचिव प्रदीप सिंह ने कहा कि इस दो दिवसीय शिविर में छात्र-छात्राओं को स्काउट गाइड संबंधी विभिन्न गतिविधियों जैसे–ध्वज शिष्टाचार, बीपी सिक्स, स्काउटिंग का इतिहास, टोली विधि, हाथ व सिटी के संकेत, खोज चिन्ह, प्राथमिक सहायता की जानकारी, दिशाओं का ज्ञान, अनुमान लगाना, पायनियरिंग, प्रथम व द्वितीय सोपान की गांठे, मार्च पास्ट, दक्षता पदक की जानकारी, टेंट निर्माण, कैंप फायर आदि गतिविधियां कराई जाएंगी। उक्त रैली में समस्त प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साह देखने लायक था।

राइका थलीसैंण के प्रधानाचार्य संदीप कुमार भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में ग्राम प्रधान कैन्यूर श्रीमती विनीता देवी, वीरमणि पोखरियाल पूर्व प्रधानाचार्य जनता इंटर कॉलेज धांधणखेत, पूर्व प्रधान एवं विधायक प्रतिनिधि आनंद नेगी, पी.टी.ए अध्यक्ष श्रीमती लता रावत, एस.एम.सी अध्यक्ष श्रीमती विमला देवी, सामाजिक कार्यकर्ता आशाराम पोखरियाल आदि मौजूद थे।

## लघु कथा संग्रह कहानी की झप्पी का हुआ विमोचन

श्रीनगर गढ़वाल : हिमालयन साहित्य एवं कला परिषद् तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन श्रीनगर के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में पर साहित्यिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उत्तराखंड के चितेरे कवि चंद्र कुंवर बर्त्वाल को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय गिरगांव की प्रधानाध्यापिका इंदु पंवार के लघु कथा संग्रह कहानी की झप्पी का विमोचन भी किया गया।

गोला बाजार स्थित अजीम प्रेमजी फाउंडेशन कार्यालय में हिमालयन साहित्य एवं कला परिषद के अध्यक्ष एवं कवि नीरज नैथानी ने इंटरनेट, सोशल मीडिया, प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया, कम्प्यूटर, मोबाइल आदि आधुनिक माध्यमों में हिंदी के बढ़ रहे प्रयोग पर चर्चा की।

# चौथान में भांग की खेती पर चला राजस्व व रेगुलर पुलिस का डंडा

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पौड़ी जिले के थलीसैंण तहसील के चौथान में राजस्व और रेगुलर पुलिस ने संयुक्त रूप भांग की खेती के खिलाफ कार्यवाही की। क्षेत्र के कई हिस्सों में पुलिस ने खेतों में खड़ी भांग की फसल को नष्ट कर लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया। पुलिस के अनुसार क्षेत्र में लोग भांग की खेती करते हैं। इसका प्रयोग चरस और गांजे के लिए किया जाता है जो अवैध है। ऐसे में राजस्व और रेगुलर पुलिस ने भांग की खेती को नष्ट करने के लिए अभियान चलाया है। कहा कि लोगों को स्वयं भांग की खेती नष्ट करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यदि उन्होंने ऐसा नहीं किया तो राजस्व और रेगुलर पुलिस इसे नष्ट करेगी।



जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के निर्देशों के क्रम में यह कार्रवाई अमल में लाई गई। संयुक्त टीम ने चौथान के उफरैंखाल क्षेत्र के गांव कफलगांव मल्ला, भरनौ और पापतोली में बंजर भूमि, भूमिधारकों की भूमि व राज्य सरकार की जमीन पर उगी भांग को नष्ट किया। बताया गया कि 0.340 हेक्टेयर यानी करीब 17 नाली रकबे पर यह भांग उगी थी। इसी के साथ ही टीम ने स्थानीय ग्रामीणों को हिदायत भी दी कि अपनी जमीन और भवनों के ईर्द गिर्द उगी भांग को एक सप्ताह भीतर स्वयं नष्ट कर दें। यदि ऐसा नहीं किया जाता तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सभी ग्राम प्रधानों को भी भांग की अवैध खेती को नष्ट करने को लेकर नोटिस जारी किए गए है। डीएम के निर्देशों के क्रम में सभी क्षेत्रों में अवैध भांग की खेती के चिह्नीकरण की कार्यवाही की जा रही है। इसके बाद विनष्टीकरण किया जाएगा। इस दौरान तहसीलदार थलीसैंण आंनद पाल, उप निरीक्षक थाना थलीसैंण संजीव मंमगाई, राजस्व निरीक्षक भीम सिंह असवाल आदि टीम में शामिल रहे।

# भाजपा सरकार पंचायतों को कर रही कमजोर : जोत सिंह

नई टिहरी : आप के प्रदेश समन्वयक और थौलधार के पूर्व ब्लाक प्रमुख जोत सिंह बिष्ट ने कहा कि भाजपा सरकार पंचायतों को कमजोर करने का काम कर रही है। पंचायतों के बजट का जहां सोशियल ऑडिट किया जाता है। जबकि विधायक व सांसद निधि का कोई सोशियल ऑडिट नहीं होता है। बिष्ट एक निजी होटल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यूपी के दौरान विधायकों, सांसद व पंचायत प्रतिनिधियों में गहन तालमेल होता था। विधायक व सांसद पंचायतों को समस्याओं को आगे लाकर पंचायतों को मजबूत करने का काम करते थे, लेकिन आज उत्तराखंड में विधानसभायें छोटी होने व पंचायतों की यथास्थिति रहने से पंचायत के प्रमुख प्रतिनिधियों को विधायक व सांसद अपना प्रतियोगी मानते हुए पंचातयों की ओर सकारात्मक रवैया नहीं रख रहे हैं। भाजपा सरकार में पंचायत प्रतिनिधियों को झुठे मामलों में फंसाकर पंचायतों का कमजोर करने का काम किया जाता है। जिसके उदारहण के रूप में उत्तरकाशी के जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक विजल्वाण को लेकर की जा रही हैं जांचें। जबकि हाईकोर्ट से संरक्षण मिलना। चमोली की जिला पंचायत अध्यक्ष रजनी भंडारी को झूठे आरोपों में पदमुक्त करना, लेकिन हाईकोर्ट का बाद में बहाल करना। आरएस नामधारी के खिलाफ भाजपा का झुठा प्रपंच, बागेश्वर जिला पंचायत सदस्य हरीश के खिलाफ भाजपा की तमाम छलावे से साफ है कि पंचायतों का कमजोर करने का काम किया जाता रहा है। इस मौके पर एडवोकेट शांति भट्ट और ब्लाक प्रमुख प्रतापनगर प्रदीप चंद रमोला भी मौजूद रहे। (एजेंसी)

## सीएचसी में लगेंगे स्वास्थ्य शिविर

चमोली : विकासखंड के देवलीबगड़ में स्वास्थ्य विभाग ने 58 से अधिक ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा। इस दौरान आयुष्मान कार्ड भी बनवाए गए। स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने बताया कि हर ग्रामीण का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत अनुसूचित जन जाति बहुल गांव देवलीबगड़ में आयोजित शिविर में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा विभिन्न जानकारयां दी गई। चमोली स्वास्थ्य विभाग के मीडिया समन्वयक उदय रावत ने बताया कि मेडीकल कालेज की मदद से हर सीएचसी में अब स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। बताया कि बुधवार से शुरू हुए आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत छूटे हुए सभी ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। इस मौके पर अंग दान और डेंगू जैसी संक्रामक बीमारी की जानकारी भी दी गई। शिविर में डा. वीपी पुरोहित, डा. विशाल, संजय कुमार, सूरज, मीना, संजीव सहित अन्य मौजूद थे। (एजेंसी)

## कांग्रेस यूथ और महिलाओं को जोड़ेगी

चमोली : गौचर में आयोजित कांग्रेस नगर कार्यकारिणी की बैठक में आगामी लोकसभा एवं नगर निकाय चुनावों की तैयारी पर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि बूथ को मजबूत करने के लिए यूथ और महिलाओं को जोड़ा जाएगा साथ ही जिम्मेदारी भी आवंटित की जाएगी। वहीं पूरे नगर मंडल में सदस्यता अभियान तेज किया जाएगा। नगर अध्यक्ष सुनील पंवार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नगर के सभी बूथों की समीक्षा की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं से कहा गया कि पार्टी लोकसभा हो या नगर पालिका चुनाव जिस किसी को भी टिकट देगी कार्यकर्ता एकजुटता से काम करेंगे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनकी रायशुमारी ने चुनावों में प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश नेगी, नगर महामंत्री महावीर नेगी, नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी लिंगवाल, एमएल राज, महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष इंदू पंवार,ताजबर कनवासी, सेवादल के प्रदेश महासचिव राकेश शैली, भवानी लाल ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। (एजेंसी)

# मोटर मार्ग बंद होने के विरोध में लोगों ने कलक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

रुद्रप्रयाग : विजयनगर-पठालीधार मोटर मार्ग के एक महीने से बंद होने के विरोध में क्षेत्रीय लोगों ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। साथ ही जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। कहा कि यदि जल्द मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो क्षेत्रीय जनता बड़ा आंदोलन करेगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी। शुक्रवार को विजयनगर–पठालीधार मोटर मार्ग संघर्ष समिति के बैनर तले बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। जिला पंचायत सदस्य कुलदीप कंडारी के नेतृत्व में लोगों ने प्रशासन, लोनिवि और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अपर जिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कहा कि 13 अगस्त से बंद पड़े विजयनगर-पठालीधार मोटर मार्ग को शीघ्र खोला जाए। ताकि क्षेत्र के 80 गांवों को यातायात की सुविधा मिल सके। जब तक मार्ग स्थाई रूप से नहीं खुलता तब तक वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। वैकल्पिक मार्ग के लिए वन पत्रावली के साथ ही जल्द उचित कार्रवाई की जाए। क्षेत्र को जोड़ने वाले अन्य मागी को भी दुरस्त किया जाए। विजयनगर–तैला–तिमली–बडमा मोटर मार्ग पर यातायात के लिए सुचारु कराया जाए। गंगानगर में नदी के कटान को देखते हुए नदी को चैनलाइज किया जाए। कहा कि तीन तहसीलों के साथ ही जिलाधिकारी, लोनिवि रुद्रप्रयाग, लोनिवि ऊखीमठ में विभागीय अफसरों को अवगत कराया गया है किंतु एक माह गुजर जाने के बाद भी मोटर मार्ग नहीं खुल सका है। जिससे मजबूर होकर लोगों को कलक्ट्रेट आना पड़ा है। अब शादी विवाह के सीजन शुरू होने वाले हैं ऐसे में क्षेत्रीय लोगों के सामने यातायात का बड़ा संकट पैदा हो गया है। यदि शीघ्र मोटर मार्ग नहीं खोला गया तो जनता बड़ा आंदोलन शुरू करेगी। इस मौके पर जिपंस कुलदीप कंडारी, कालीचरण रावत, विजयपाल सिंह राणा, आलोक नेगी, सावन नेगी, किशोर रौथाण सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता मौजूद थी। (एजेंसी)



# संविदा कर्मियों ने जल संस्थान के खिलाफ किया प्रदर्शन

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तराखंड जल संस्थान के संविदा श्रमिक संघ ने समान कार्य, समान वेतन दिए जाने और ठेकेदारी प्रथम समाप्त किए जाने सहित आठ माह से वेतन न मिलने के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मियों ने कहा कि वेतन समय पर न मिलने से उन्हें अपने परिवार का भरण-पोषण करने में भारी परेशानियां हो रही हैं। कई बार अधिकारियों से वेतन भुगतान कराए जाने की मांग के बावजूद कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा रही है।जल संस्थान के संविदा कर्मियों ने पंप हाउस परिसर में धरना-प्रदर्शन करते हुए जल संस्थान के खिलाफ प्रदर्शन किया। मौके पर श्रमिक संघ के अध्यक्ष चंद्रमोहन खत्री ने कहा कि विगत 8 माह से श्रमिकों को वेतन नहीं मिला है।

# अतिवृष्टि से मछली तालाब और गौशाला को भारी नुकसान

चमोली : गुरुवार देर शाम हुई भारी बारिश के कारण मलबा आने से टैटुड़ा गांव में दलीप सिंह पुत्र गजे सिंह का बगीचा, मछली का तालाब व गोशाल को भारी नुकसान हुआ है। वहीं माईथान बाजार में बोल्डर गिरे हैं। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम आठ बजे बाद क्षेत्र में हुई भारी बारिश के कारण ब्रिडकुल द्वारा निर्माणाधीन नैणी मोटरमार्ग के मलबे की जद में दलीप सिंह पुत्र गजे सिंह का बगीचा, दो मछली के तालाब मलबे की जद में आने से नष्ट हो गए। वहीं गोशाला में बंधे बैल भी मलबे के चपेट में आ गये। सुबह ग्रामीणों से गोशाला तोड़ की जानवरों को निकाला। सूचना पर राउनि संदीप बिष्ट एवं एनटी जेएस नेगी घटना स्थल पर पहुंचे व क्षति का आकलन किया। पूर्व प्रधान चंद्र सिंह नेगी ने बताया कि ब्रिडकुल की हीलाहवाली के कारण उनका गांव संकट में है। बताया कि गत 3 अगस्त को भी इसी प्रकार का वाक्या हुआ था लेकिन प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी स्थित जस की तस रही कहा कि यदि निर्माणाधीन सड़क का मलबा डंपिंग जोन में डाला जाता तो आज यह नौबत नहीं आती। वहीं प्रधान पूनम नेगी ने पीड़ित परिवार को आपदा राहत मद से मुआवजा देने की प्रशासन से मांग की है। जिपंस अवतार पुडीर ने शीघ्र गांव की सुरक्षा के लिए गधेरे में चेक डेम बनाने की मांग की है। वहीं दूसरी ओर माईथान बाजार में बोल्डर गिरने से गौतम बिष्ट एवं बालम रावत की दुकान को नुकसान होने की खबर है। गनीमत रही कि कोई बोल्डर की चपेट में नही आया। राज्य आंदोलनकारी हरेन्द्र कंडारी ने प्रशासन में प्रभावित दुकानदार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। वहीं बीएमबी मोटर मार्ग भी प्रावि टैटुडा के पास मलबा आने से कई घंटे बंद रहा बाद में लोनिवि ने जेसीबी का मदद से सड़क को खोला। (एजेंसी)


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 06.10.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा संख्या और कार्य का विवरण: (1.) 133rt2-sig-snt-mb-2018-19- प्रोविजन ऑफ ड्यूल डिटेक्शन इन मुरादाबाद– लखनऊ सेक्शन (2.) 02-SNT-SIG-HRI-UTA-Umbrel- प्रोविजन ऑफ शंट सिग्नल इन लाइन नंबर 10 एंड 11 एट हरदोई एंड चेज ऑफ ट्रैक सर्किट इन अप लाइन फॉर ओपनिंग ऑफ L-XING नंबर 250 एट उमरतली (3.) 10-Kyosan-AMC-Sig-MB-23-कॉम्प्रेहेंसिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ EI ऑफ क्योसन मेक फॉर थ्री ईयर ओवर मुरादाबाद डिवीजन | | | |
| लगभग लागत (₹) | 1. ₹30,63,201.42 | 2. ₹58,11,248.26 | 3. ₹2,30,21,044.74 |
| अग्रिम धन (₹) | 1. ₹61,300/- | 2. ₹1,16,200/- | 3. ₹2,65,100/- |
| निविदा फॉर्म की लागत (₹) | क्र.सं. 1 से 3 के लिए : NIL | | |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय | क्र.सं. 1 से 3 के लिए : 11.10.2023 at 15:00 hrs. | | |

नोट: निविदा का पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है

निविदा सं.: 133RT2/02/10-kyosan/SNT/Sig/AMC/MB-2023 दिनांक: 14.09.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2871/2023


# चार धाम यात्रा में स्वास्थ्य सिस्टम होगा मजबूत: धन सिंह

देहरादून। चार धाम यात्रा में तीर्थ यात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने को शुक्रवार को एमओयू हुआ। स्वास्थ्य विभाग और विश फाउण्डेशन के बीच समझौता पत्र पर साइन किए गए।

एमओयू के तहत चार धाम यात्रा में आने वाले यात्रियों को आधुनिक तकनीक और डिजिटल संसाधनों का उपयोग करते हुये स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यमुना कालोनी स्वास्थ्य मंत्री आवास पर एमओयू साइन हुआ। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के साथ ही उनके विस्तार को लेकर लगातार प्रयासरत है। ये एमओयू इसी कड़ी में किया गया है। इस अनुबंध के अनुसार नए मॉडलों का उपयोग करत हुए सुलभ प्राथमिक स्वास्थ्य प्रणाली विकसित की जाएगी। चार धाम यात्रा में आने वाले यात्रियों और आस–पास के लोगों का नई तकनीक से इलाज किया जाएगा। चार धाम यात्रा में तैनात डॉक्टरों, पैरामेडिकल और नर्सिंग स्टॉफ को आपात स्थिति से निपटने को ट्रेंड किया जाएगा। चार यात्रा काल के लिये सम्बंधित संस्था विभागीय अधिकारियों के साथ मिल कर विस्तृत रोड मैप तैयार करेगी। इसे अगली चार धाम यात्रा में लागू किया जाएगा। एमओयू पर स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. विनीता शाह और विश फाउण्डेशन के सीईओ पूर्व आईएएस डॉ राकेश कुमार ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर पूर्व आईएएस भास्कर खुल्बे, अपर सचिव स्वास्थ्य अमनदीप कौर, निदेशक स्वास्थ्य डॉ. सुनीता टम्टा, डॉ. तुहिन कुमार तथा विश फाउण्डेशन के डॉ. विवेक यादव, मिल्टन नायक सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जागड़ा पर्व के लिए चार ब्लॉक में स्कूलों में 18 सितंबर का अवकाश

देहरादून। हनोल स्थित महासू मंदिर एवं दसऊ स्थित चालदा महाराज मंदिर परिसर में जागड़ा (देवनायणी) राजकीय मेला पर्व को लेकर चार ब्लॉक के सरकारी स्कूलों में 18 सितंबर का अवकाश घोषित कर दिया गया है। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के निर्देश पर देहरादून और उत्तरकाशी के सीईओ ने आदेश जारी किए। महाराज ने कहा कि जौनसार बाबर के प्रमुख तीर्थ स्थल हनोल मंदिर में पूजा दर्शन को हर साल जागड़ा पर्व पर हजारों श्रद्धालु आते हैं। 18 सितंबर को हनोल मंदिर और 19 सितंबर को चालदा महाराज दसऊ में जागड़ा देवनायणी राजकीय मेला पर्व है। इस आयोजन को देखते हुए मुख्य शिक्षा अधिकारी देहरादून ने कालसी और चकराता ब्लॉक और सीईओ उत्तरकाशी ने पुरोला और मोरी ब्लॉक के कक्षा 1 से 12 तक सभी शासकीय, अशासकीय एवं निजी स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। महाराज ने कहा है कि जल्दी ही हनोल स्थित महासू देवता मंदिर का मास्टर प्लान तैयार कर वहां का सुनियोजित विकास किया जाएगा। मास्टर प्लान तैयार करने की जिम्मेदारी अहमदाबाद की डिजाइन एजेंसी आईएनएस को दी गई है। श्री बद्रीनाथ और श्री केदारनाथ की तर्ज पर हनोल स्थित महासू देवता मंदिर के विकास को प्रस्ताव तैयार किया गया था। इस पर कैबिनेट भी अपनी मुहर लगा चुकी है।


**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.**

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UP2001SG025867/2358

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी.एस.टी. व ई.पी.एफ. में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) दिनांक 04.10.2023 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय से दिनांक 03.10.2023 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी अतिरिक्त) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| 13/ 2023-24 | ₹250/- | वि.वि. उपखण्ड तृतीय जयहरीखाल के अन्तर्गत विद्युत लाइन उपसंस्थान निर्माण एवं 11 केवी लाइन शिफ्ट का कार्य | 8500.00 |
| 14/ 2023-24 | ₹250/- | वि.वि. उपखण्ड द्वितीय, कोटद्वार के अन्तर्गत ग्राम अमोला में 25 केवीए परिवर्तक का निर्माण कार्य। | 8000.00 |

पत्रांक: 2433/विविखको/टी–6 दिनांक: 15.09.2023 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/ फैक्स संख्या–0135–2760911 पर दें।)


# राज्यपाल ने किया राजभवन गृहस्थ अधिष्ठान और उद्यान में कार्यरत दैनिक श्रमिकों को पुरस्कृत





देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने शुक्रवार को राजभवन गृहस्थ अधिष्ठान और उद्यान में कार्यरत दैनिक श्रमिकों को पुरस्कृत किया। राज्यपाल ने उद्यान कर्मियों के अथक परिश्रम, लगन और कौशल की प्रशंसा की। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन उद्यान के विकास में यहां कार्यरत उद्यान कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान है।

वहीं राजभवन में आने वाले विशिष्ट अभ्यागतों के आतिथ्य एवं सत्कार आदि में गृहस्थ अधिष्ठान की महत्वपूर्ण भूमिका है जिसका निर्वहन वे पूरी जिम्मेदारी के साथ कर रहे हैं। उन्होंने सभी को सदैव इसी भावना से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।


-01382-222219

फैक्स नं0- 01382-222219

"'जल संचय–जीवन संचय'

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान

बद्रीनाथ मार्ग, नियर बुद्ध पार्क, कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)

Email ID :- ujs_eekotdwar@rediffmail.com/ujseekotdwar@gmail.com

पत्रांक 2023/ निविदा सूचना / / 2023–24 दिनॉक 15.09.2023

**संशोधन पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 1981/ निविदा सूचना/ 2023–24 दिनांक 12.09.2023 द्वारा आमंत्रित निविदायें जो कि दिनांक 25.09.2023 को अपरान्ह 2.00 बजे तक शाखा कार्यालय में प्राप्त की जानी थी एवं दिनांक 25.09.2023 को अपरान्ह 4.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा खोली जानी थी में अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा निरस्त की जाती है।

अधिशासी अभियन्ता

सम्पादकीय

# आयुष्मान को परिपक्वता की जरूरत

महंगी स्वास्थ्य सुविधा से आम नागरिकों को निजात दिलाने के लिए भारत सरकार ने अटल आयुष्मान योजना शुरू की थी जिसे राज्यों में भी संचालित किया जा रहा है। उत्तराखंड में राज्य सरकारों ने आयुष्मान सेवा को सुदृढ़वा हर नागरिक तक पहुंचाने के लिए काफी प्रयास किए हैं और इसके परिणाम भी देखने को मिले हैं। हालांकि आज भी कई मल्टी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल "आयुष्मान" कार्ड के तहत मरीज को उपचार उपलब्ध कराने के लिए तैयार नहीं है क्योंकि यहां कहीं ना कहीं सरकारी व्यवस्थाओं को लेकर सवाल खड़े किए जाते हैं। सरकारी अस्पतालों में आयुष्मान सेवा की सुविधा उपलब्ध है तो वहीं कुछ ट्रस्ट एवं संस्थाओं के अस्पताल इस योजना के तहत उपचार उपलब्ध तो करते हैं लेकिन कई बार देखा गया है कि जटिल प्रक्रिया के कारण मरीज को काफी कष्ट भी उठाना पड़ता है। बावजूद इसके लाखों की संख्या में आज "आयुष्मान" कार्ड मरीज के लिए एक बेहद सुविधाजनक माध्यम बना हुआ है। हर नागरिक को आयुष्मान कार्ड का लाभ पहुंचाने के लिए प्रक्रिया को और आसान करने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार ने 30 लाख आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जल्द ही वोटर लिस्ट से भी आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य शुरू होगा जिससे वे अभी लाभान्वित होंगे जिनके राशन कार्ड नहीं बने हैं और वह आयुष्मान कार्ड धारक बनने से वंचित हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि आयुष्मान योजना देश के एक बड़े तबके को लाभ पहुंचा रही है, लेकिन इस महा योजना के संचालन में कई प्रकार की परेशानियां भी देखने को मिल रही है। अभी भी आयुष्मान कार्ड से उपचार का संचालन एक नियमित सुदृढ़ व्यवस्था नहीं पकड़ पाया है और मरीजों को अनावश्यक तौर से परेशानी भी उठानी पड़ रही है। उधर आयुष्मान कार्ड से उपचार को लेकर कुछ फर्जीवाड़े भी सामने आए हैं जो इस योजना के गलत तरीके से लाभ उठाने से जुड़े हुए हैं। सरकार द्वारा कुछ अस्पतालों को आयुष्मान कार्ड के भुगतान एवं बिलों में धांधली करने के एवज में ब्लैक लिस्ट करते हुए कार्रवाई की गई है। आयुष्मान कार्ड से मिलने वाले उपचार की प्रक्रिया में अभी व्यापक सुधार की जरूरत है और एक ऐसा नेटवर्क बनाना आवश्यक हो गया है कि मरीज को आयुष्मान कार्ड से तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जा सके। बेहद आवश्यक है कि दस्तावेज एवं दूसरी प्रक्रिया से मरीज को इधर–उधर ना भगाया जाए तथा अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड प्रस्तुत करने पर तत्काल उपचार की सुविधा उपलब्ध हो।

# लैंगिक दृष्टि से संवेदनशील स्थायी परिवर्तन को प्रोत्साहन

**संगीता रेड्डी**

जी20 एम्पॉवर वैश्विक स्तर की एक ऐसी पहल है, जो शिक्षा और आर्थिक भागीदारी के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु जी20 देशों की सरकारी संस्थाओं और निजी संगठनों को एक मंच पर लाती है।

महिला सशक्तिकरण की कहानी में एक महत्वपूर्ण मोड़ उस समय आया जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास' की अवधारणा पेश की। भारत के लिए खास यह अभिनव दृष्टिकोण अब जी20 एम्पॉवर के साझा शब्दकोष का हिस्सा बन गया है। इस दृष्टिकोण ने अपना ध्यान महिलाओं को मात्र सशक्त बनाने से हटाकर ऐसे माहौल को बढ़ावा देने पर केन्द्रित किया है, जहां महिलाएं केवल लाभार्थी हों भर न हों बल्कि विकास की अगुआ भी हों।

जी20 एम्पॉवर की भारत की अध्यक्षता के तहत, हमने इस अवधारणा को पूरे दिल से अपनाया है और कथानक में इस परिवर्तन को दर्शाते हुए एक रोडमैप बनाने का प्रयास किया है। हमारा ध्यान तीन पहलुओं पर हैः शिक्षा, महिला उद्यमिता और सभी स्तरों पर महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी बनाना। हमारा मानना है कि डिजिटल समावेशन इन सभी क्षेत्रों में एक साझा विषय है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि महिलाओं को सफल होने के लिए आवश्यक डिजिटल उपकरण और संसाधन उन्हें समान रूप से सुलभ हों।

शिक्षा के क्षेत्र में, हम महिलाओं के लिए एसटीईएम शिक्षा और उच्च विकास वाली नौकरी के अवसरों को और अधिक सुलभ बनाने की हिमायत कर रहे हैं। हम विभिन्न बड़ी कंपनियों को प्रशिक्षुता कार्यक्रमों और भविष्योन्मुखी समावेशी पाठ्यक्रम में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। हम विभिन्न सरकारों से ऐसी स्पष्ट नीतियों और कानूनी ढांचे से लैस "संपूर्ण–सरकार" का दृष्टिकोण अपनाने का भी आग्रह कर रहे हैं, जो महिलाओं और लड़कियों को निरंतर सीखने के लिए प्रोत्साहित करे।

महिला उद्यमिता के संदर्भ में, हमने महिला उद्यमियों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के उद्यमियों के उत्थान के लिए एक व्यापक रणनीति विकसित की है। हमारा मानना है कि महिला उद्यमियों को अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ बनने में समर्थ बनाना एक लाभकारी सौदा है झ यानी व्यापक लैंगिक समानता के साथ एक समृद्ध अर्थव्यवस्था। हम निजी क्षेत्र को न केवल एक वित्तपोषक एवं खरीददार के रूप में, बल्कि एक मार्गदर्शक एवं विकास के उत्प्रेरक के रूप में भी आगे आने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

हम सभी स्तरों पर महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। हम निर्णय लेने वाले स्तर पर महिलाओं के पहुंचने की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम विकसित कर रहे हैं, समावेशी कार्यस्थल से जुड़ी नीतियां पेश कर रहे हैं, लैंगिक विविधता के आयामों की नियमित समीक्षा व उसके बारे में प्रकाशन कर रहे हैं और महिला कर्मचारियों की सुरक्षा एवं कल्याण सुनिश्चित कर रहे हैं। महिलाओं को वास्तव में सशक्त बनाने के लिए, हमें समाज के सभी स्तरों पर नेतृत्व और निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भूमिका को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।




हमें भारत की अध्यक्षता में इस पहल के तहत प्राप्त छह ठोस परिणामों को रेखांकित करने का विशेष रूप से गर्व है। सबसे पहले, हमने टेकइक्विटी प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया है, जो महिलाओं को ज्ञान के माध्यम से आगे रहने में मदद करने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया एक अनूठा डिजिटल प्लेटफॉर्म है। कुल 120 भाषाओं में उपलब्ध इस प्लेटफॉर्म के अगले छह महीनों में कम से कम दस लाख महिलाओं तक पहुंचने की उम्मीद है।

दूसरा, हमने एक केपीआई डैशबोर्ड विकसित किया है जो महिला सशक्तिकरण एवं प्रतिनिधित्व के मामले में हुई प्रगति का पता लगाने के लिए एक मापने योग्य एवं व्यवस्थित तरीका प्रदान करता है। मजबूत कार्यप्रणाली का उपयोग करके इन आंकड़ों पर लगातार नज़र रखकर, हम सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु रुझानों, मूल कारणों और संभावित उपायों की पहचान कर सकते हैं।

तीसरा, हमने एक 'उत्कृष्ट कार्यप्रणाली प्लेबुक' बनाई है। यह एक सर्वेक्षण–आधारित विश्लेषणात्मक उपकरण है, जो उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों को संकलित करता है और इसे दुनिया भर की प्रभावी रणनीतियों एवं कार्यप्रणालियों को साझा करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। इस प्लेबुक के 2023 संस्करण में जी20 के 19 सदस्य व अतिथि देशों की 149 उत्कृष्ट कार्यप्रणालियां संकलित हैं।

चौथा, हमने जी20 देशों और अतिथि देशों की सफल महिलाओं की सफलता की कहानियों को सामने लाने के उद्देश्य से जी20 एम्पॉवर की वेबसाइट पर प्रेरणादायक कहानियों का एक विशेष खंड तैयार किया है। जी20 एम्पॉवर की वेबसाइट पर 10 देशों की 73 प्रेरणादायक कहानियां प्रदर्शित की गई हैं।

पांचवां, हमारी अध्यक्षता के तहत, भारत ने हिमायत करने वालों के नेटवर्क का विस्तार करने और संकल्प को अपनाने के लिए जी20 एम्पॉवर पहल का समर्थन करना जारी रखा है। जी20 एम्पॉवर के हिमायत करने वालों के नेटवर्क, जिसमें लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध प्रभावशाली संगठन शामिल हैं, ने अपना विस्तार करना जारी रखा है और जी20 देशों में इसके समर्थकों की संख्या 500 से अधिक हो गई है।

इन पहलों के अलावा, हमने 'गांधीनगर घोषणा' भी पेश की है। यह घोषणा निजी क्षेत्र की ओर से लैंगिक समानता के प्रति एक महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता है।

इस घोषणा के तहत, कंपनियां यह सुनिश्चित करने का संकल्प लेती हैं कि उनकी श्रमशक्ति में कम से कम 30 प्रतिशत महिलाएं शामिल होंगी। उन क्षेत्रों में जहां श्रमशक्ति में पहले से ही 30 प्रतिशत महिलाएं मौजूद हैं, यह घोषणा इस बात को सुनिश्चित करने तक जाती है कि उक्त संगठन के सभी स्तरों पर 30 प्रतिशत महिलाएं मौजूद हों।30 गुणा 30 की यह शक्तिशाली घोषणा, जिसके लक्ष्य को 2030 तक पूरा कर लेना है, अपेक्षाकृत अधिक न्यायसंगत एवं समावेशी श्रमशक्ति के निर्माण की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।

**(लेखिका जी20 एम्पॉवर की अध्यक्ष और फिक्की की भूतपूर्व अध्यक्ष हैं; ये उनके निजी विचार हैं)**

# अजीब सम्राट के सफल देश की भूकंप त्रासदी

**श्रुति व्यास**

मोरक्को को भूकंप ने दहला दिया है। उसके अल होज़ प्रांत में 3,000 लोग मारे गए वही पहाड़ी इलाकों में बसे कई गांव पूरी तरह नष्ट हो गए। सबसे बुरी बात यह है कि देश के लोग अंतर्राष्ट्रीय मीडिया से कह रहे हैं कि उन्की कोई चिंता करने वाला नहीं है। भूकंप की रात देश के सम्राट मोहम्मद षष्ठम पेरिस में थे, जहां उनका ज्यादातर वक्त बीतता है। उन्हें स्वदेश लौटने और सार्वजनिक वक्तव्य जारी करने में पूरा एक दिन लग गया। शनिवार की देर शाम उन्हें टीवी पर एक कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिखाया गया, लेकिन बिना आवाज के, अर्थात वीडियो म्यूटेड था।



मंगलवार को वे एक अस्पताल गए और उन्होंने रक्तदान किया। वे मारूकेश भी गए जो भूकंप–पीड़ित क्षेत्र के नज़दीक स्थित बड़ा शहर है। लेकिन उन्हे भूकंप से सर्वाधिक प्रभावित अल होज़ प्रांत जाने के बारे में कुछ नहीं बताया गया। मोरक्को के अधिकारियों का कहना है कि वे संकट का सामना करने में जुटे हुए हैं और जरूरत पडने़ पर मदद की गुहार करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सम्राट का मार्गदर्शन उन्हें शुरू से ही मिल रहा है। लेकिन विनाश की पीड़ा झेल रहे इलाके में उनकी गैर–मौजूदगी, पीड़ितों के साथ उनके खड़े नहीं होने, और जनता को अपने साथ का विश्वास न दिलाने के लिए उनकी आलोचना हो रही है। इस आलोचना में आक्रोश भी है और पीड़ा भी।

सम्राट मोहम्मद षष्ठम, जो हाल में 60 बरस के हुए, मोरक्को के सबसे धनी और सबसे शक्तिशाली व्यक्ति हैं। सैद्धांतिक तौर पर भले ही मोरक्को संवैधानिक राजतंत्र हो किंतु हकीकत यह है कि हर मामले में मोहम्मद षष्ठम का निर्णय ही अंतिम होता है। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार वे देश की सशस्त्र सेनाओं के प्रमुख हैं, और इस्लामिक धर्मावलंबियों के मुखिया भी, हालांकि यह मुद्दा विवादित है। उनके कई सलाहकार और मंत्री हैं जो उनके स्कूल के दिनों के मित्र हैं, लेकिन किसी भी कार्यवाही के लिए उनका अनुमोदन आवश्यक होता है। भूकंप के बाद अधिकारी कोई कदम नहीं उठा पा रहे हैं क्योंकि वे कुछ भी करने से पहले सम्राट की आज्ञा की का इंतजार कर रहे हैं।

मध्यपूर्व के नेताओं में से मोहम्मद सार्वजनिक रूप से और मीडिया में सबसे कम नज़र आते हैं। सन् 1999 में सम्राट बनने के बाद से उन्होंने न तो कोई पत्रकार वार्ता की है और ना ही कोई टीवी इंटरव्यू दिया है। वे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भी नहीं जाते। राजा बनने की वर्षगांठ के अवसर पर जनता को संबोधित करते समय वे बोलने में लडखड़ा जाते हैं। अपने पिता हसन द्वितीय, जो तानाशाह थे और जिनके विभिन्न भिन्न पृष्ठभूमियों के कई सलाहकार थे, के विपरीत मोहम्मद षष्ठम अपनी ही दुनिया में रहते हैं। उनके दरबारियों के मुताबिक सत्ता में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं है और वे राजा बने रहना नहीं चाहते। मगर दौलत से हासिल होने वाले ऐशोआराम का भरपूर आनंद उठाने में उन्हें कोई संकोच नहीं होता।

लेकिन एक अयोग्य आयर अक्षम राजा के बावजूद मोरोक्को को उत्तर अफ्रीका का एक सफल राष्ट्र माना जाता है, जहां तुलनात्मक रूप से अधिक खुलापन और स्थिरता है और जो उद्योग एवं पर्यटकों को आकर्षित करता है। वह आतंकरोधी कार्यवाहियों के मामले में अमेरिका एवं पश्चिमी देशों का एक भरोसेमंद सहयोगी रहा है और उसने सन् 2020 में इजराइल को मान्यता दे दी है। सन् 1999 में वारिस के तौर राजगद्दी हासिल करने के करीब एक साल बाद टाईम पत्रिका को दिए गए एक दुर्लभ साक्षात्कार में, जो पत्रिका के उस अंक में प्रमुखता से प्रकाशित हुआ, उन्हांने स्वयं को ऐसा सुधारक बताया जो 'गरीबी, कष्ट और अशिक्षा को कम करना चाहता है'।लेकिन उन्होंने यह भी जोड़ा कि "मैं जो भी करूंगा वह मोरोक्को के लिए नाकाफी होगा"।उनके शासन के शुरूआती दौर में धार्मिक दृष्टि से रूढ़िवादी मोरोक्को में बड़े और महत्वपूर्ण बदलाव हुए। उन्होंने कई राजनैतिक बंदियों को रिहा किया, पारिवारिक कानूनों में बदलाव किया, विवाह की न्यूनतम आयु 15 वर्ष से बढ़ाकर 18 वर्ष की, लैंगिक समानता की स्थिति बेहतर की, महिलाओं को तलाक मांगने का हक दिया और पहली पत्नि को यह अधिकार दिया कि वह पति को दूसरा विवाह करने से रोक सके। उन्होंने तलाक को एक कानूनी प्रक्रिया का दर्जा दिया। एक साधारण चिठ्ठी के माध्यम से पति द्वारा पत्नि को तलाक दिए जाने की परंपरा को समाप्त किया। और अरब स्प्रिंग के दौरान, जहां पड़ोसी देशों में राष्ट्रपतियों को पद छोडऩा पड़ा, उन्होंने स्थिरता और निरंतरता कायम रखते हुए कई सुधार लागू किए। सन् 2003 में हुए बम हमलों के बाद उन्होंने और उनकी सरकार ने इस्लामिक कट्टरपंथी राजनीतिज्ञों और आतंकवादियों के विरूद्ध कड़े कदम उठाए।

लेकिन हाल के दिनों में राजा 'विचलित' हो गए हैं और उन तक पहुंचना कठिन हो गया है। सन् 2018 में अपने तलाक की प्रक्रिया के दौरान उनका संपर्क जर्मनी में जन्में जर्मन–मोरक्कन मिश्रित नस्ल के मार्शल आर्ट्स फाइटर अबूबकर अबू एज़ेटार और उनके दो भाईयों से हुआ। उसके बाद से वे उनके प्रभाव से मुक्त नहीं हो पा रहे हैं। एज़ेटार बंधुओं को राजा की इतनी निकटता हासिल है कि न केवल उनकी सीधी पहुंच सारी राजसी दौलत और सुख–सुविधाओं तक है बल्कि वे राजा और उनके सलाहकारों के बीच खाई भी पैदा कर रहे हैं। सभी राजमहलों से जुड़े कुछ राज होते हैं जो रहस्य के घेरे में होते हैं। ऐसा ही मोरक्को के राजमहल के मामले में भी है जहां राजा का स्वास्थ्य एक बड़ा रहस्य है। अतीत में उन्हें दिल और फेफड़ों से जुड़ी कई स्वास्थ्य समस्याएं रही हैं लेकिन इस संबंध में आधिकारिक रूप से कभी कुछ नहीं बताया गया और उनकी सेहत की वर्तमान स्थिति के बारे में भी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। और थाईलैंड की तरह, मोरक्को में भी राजा की निजी ज़िंदगी और उनके शारीरिक एंड मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बात करना सख्त मना है। उनके आसपास के लोगों, उनके पुत्र और उत्तराधिकारी 20 वर्षीय मौले हसन आदि के बारे मे आधिकारिक रूप से कभी कुछ नहीं बताया जाता। और राजा की सार्वजनिक रूप से आलोचना कम ही होती है क्योंकि ऐसा करने पर कड़े दंड का प्रावधान है। उनका राजनैतिक विरोध कमजोर है और हाशिए पर है। लेकिन आमतौर पर राजा को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है और ज्यादातर आलोचना सरकार की होती है। फिर भी मोरोक्को में यह साफ दिखा रहा है कि राजा बहुत अधिक समय एज़ेटार बंधुओं के साथ बिता रहे हैं जो जनता को पसंद नहीं आ रहा है और जिसको लेकर जनाक्रोश है।

मोरक्को और सऊदी अरब दोनों इस्लामिक देश हैं। दोनों में राजशाही है। लेकिन वे एक–दूसरे से एकदम अलग हैं। एक तरफ हैं एमबीएस जो विश्व के रंगमंच पर अपने देश की मार्केटिंग करते नजर आते हैं और देश की जनता के लिए नए–नए व्यवसाय लाते हैं और देश के लोगों को गौरवान्वित महसूस करने के मौके उपलब्ध कराते हैं। दूसरी ओर हैं मोहम्मद षष्टम जो उस वक्त भी कहीं नजर नहीं आ रहे हैं जब उनके देश को उनकी सबसे ज्यादा जरूरत है। मोरक्को की जनता पहले से ही बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और देश व्यापी सूखे से परेशान है और अब उन्हें भूकंप से जुड़ी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। यदि मोहम्मद षष्टम एज़ेटार भाईयों के चंगुल से बाहर नहीं निकलते तो इस बात की संभावना है कि सेना उनका तख्ता पलट दे। उनके सुरक्षा प्रमुख पहले भी दो बार उन्हें सत्ता से हटाने का प्रयास कर चुके हैं।

# क्या वाकई लेटकर ब्लड प्रेशर चेक करने से सटीक आ सकती है रीडिंग? नई स्टडी पर एक्सपर्ट्स कर रहे हैं विचार

जब लोग हाई या लो ब्लड प्रेशर के शिकार होते हैं तो उनको अक्सर कई मौकों पर बीपी की रीडिंग लेने के निर्देश दिए जाते हैं. ब्लड प्रेशर की रीडिंग लेने के लिए अभी तक हेल्थ एक्सपर्ट लेटने की बजाय बैठकर बीपी की रीडिंग लेने की सलाह देते थे. कहा जाता है कि इससे बीपी की रीडिंग काफी सटीक आती है. लेकिन हाल में अमेरिका में हुई एक स्टडी में कहा गया है कि बैठकर बीपी की रीडिंग लेने की अपेक्षा अगर लेटकर रीडिंग ली जाए तो ज्यादा सटीक रीडिंग आने के चांस बढ़ जाते हैं. हालांकि इस स्टडी को लेकर कोई आधिकारिक दावा नहीं किया गया है लेकिन डॉक्टर इस संबंध में विचार कर रहे हैं. इससे पहले भी कई बार इस तरह की स्टडी हो चुकी हैं कि मरीज को किस पोजिशन में बीपी की रीडिंग लेनी चाहिए. हाल ही में स्टडी में कहा गया है कि बैठने या किसी और मुद्रा की बजाय अगर लेटकर बीपी की रीडिंग ली जाए तो बेहतर और सटीक रीडिंग आने की उम्मीद बढ़ सकती है. हालांकि ये रिसर्च अपनी अपने प्रारंभिक स्टेप में है, लेकिन विशेषज्ञ इसको लेकर चर्चा कर रहे हैं. इस स्टडी में कहा गया है कि लेटकर बीपी की रीडिंग लेने से स्ट्रोक, हार्ट रिलेटेड गंभीर बीमारी और यहां तक कि संभावित मौत का अनुमान लगाने में काफी आसानी होती है और इससे हार्ट संबंधी मौतों का आंकड़ा कम किया जा सकता है. इस स्टडी में करीब 12 हजार लोगों को शामिल किया गया. इन सभी लोगों को बीपी की परेशानी थी. सभी मरीजों को लिटाकर और बैठाकर दोनों ही पोजीशन में इनके ब्लड प्रेशर की रीडिंग ली गई. स्टडी में शामिल लोगों की उम्र 25 से लेकर 55 साल के बीच की थी और सभी को चार ग्रुप्स में बांट दिया गया. ये ग्रुप नॉर्मल, हाई और लो बीपी के मरीजों के बने थे. इसके बाद हर ग्रुप को अलग अलग पोजिशन में रीडिंग देने के लिए कहा गया. इस तरह रीडिंग लेने के बाद पाया गया।

# घर के कई मुश्किल कामों को आसान बनाता है प्याज, आजमा कर देखें

भारतीय रसोई में प्याज ना हो यह सम्भव ही नहीं है। प्याज के बिना सब्जी बनाना गृहणियों को बहुत मुश्किल नजर आता है। भोजन का जायका बढ़ाने में प्याज का इस्तेमाल किया ही जाता है। कई लोग तो हर सब्जी में प्याज का इस्तेमाल करते हैं। सब्जी की ग्रेवी बनानी हो या पास्ता प्याज का इस्तेमाल होता ही है। हालांकि काटने में मेहनत बहुत होती है और आंखों में आंसू जरूर आते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं आपको रूलाने वाला यह प्याज घर के कई मुश्किल काम को आसान बनाता है। आज इस कड़ी में हम आपको प्याज से जुड़े कई ऐसे बेहतरीन काम के बारे में बताने जा रहे हैं जो आपने कभी सोचे भी नहीं होंगे।

**फलों को खराब होने से बचाता है**

कोई भी फल ज्यादा देर तक कटा रखा रहने पर उसमें ऑक्सीडेशन प्रोसेस शुरू हो जाती है और वह भूरा और खराब सा होने लगता है। प्याज में मौजूद नेचुरल मॉइश्चर और सल्फर इस प्रक्रिया को धीमी करने और एवाकाडो, सेब जैसे फलों को ज्यादा वक्त तक अच्छा रखने में मददगार होता है।

**जंग हटाता है प्याज**

प्याज के रस का उपयोग जंग को हटाने में भी किया जा सकता है। कई बार किचन के किसी बर्तन, चाकू या फिर चम्मचों में नमी की वजह से जंग लगने लगती है। कई बार साबुन से साफ करने पर भी जंग दूर नहीं होती है। ऐसी सूरत में प्याज काफी काम आ सकता है। चाकू पर जंग गलने पर चाकू को प्याज के अंदर घुसाकर कुछ वक्त के लिए छोड़ दें और उसके बाद निकालकर साफ करें तो जंग चली जाती है। इसी तरह प्याज के रस को जंग की जगह पर कुछ वक्त तक घिसने पर भी असर दिखाई देता है।

**बालों की ग्रोथ बढ़ाता है प्याज का रस**

प्याज के रस का उपयोग बालों के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। कई घरेलू नुस्खों में बालों के इलाज के लिए प्याज का उपयोग किया जाता है। प्याज में काफी मात्रा में सल्फर मौजूद होता है जो बालों की ग्रोथ को बढ़ाता है। पेंट की गंध को भगाता है घर में अगर आपने नया–नया पेंट कराया है तो उसकी स्मेल आपको परेशानी में डाल सकती है। इस तरह की परेशानी का सामना करने पर तीन चार प्याज को टुकड़ों में काटकर एक प्लेट में उस रूम में रख दें जहां पेंट हुआ है। कुछ घंटों में ही प्याज पेंट की स्मेल को एब्जॉर्ब कर लेगा।

**कार की विंडशील्ड पर नहीं जमती फ्रॉस्ट**

सर्दियों के दिनों में कार की विंडशील्ड पर रात में नमी और ओस जमना एक आम समस्या होती है। सुबह जल्दी गाड़ी का इस्तेमाल करने वाले लोगों को इस वजह से काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अगर प्याज की स्लाइस को रात में विंडशील्ड पर घिस दिया जाए तो सुबह आप देखेंगे की विंडशील्ड पर फ्रॉस्ट नहीं जमी है।

**चमकदार व साफ करता है ओवन**

खाने को स्वादिष्ट बनाने वाला ओवन और ग्रिल जब गंदा हो जाता है तो उसे साफ करना काफी मुश्किल काम होता है, लेकिन प्याज की मदद से आप इसे आसानी से साफ कर सकते हैं। यहां प्याज की एंटीबैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक प्रॉपर्टीज़ काफी कारगर साबित होती हैं। प्याज का छिलका उतारकर उसके राउंड स्लाइस काट लें और फिर ग्रिल की रॉड्स और ओवन को घिसकर साफ करने में इस्तेमाल करें। यह खाने में लगने वाले बैक्टिरया को भी खत्म कर देता है।

**जलने की बदबू को सोखता है प्याज**

सभी घरों में ये आम है कि कभी बनाते वक्त चावल जल जाएं या फिर दूध ज्यादा उबलने से गैस बर्नर पर गिर जाए या कभी दाल ज्यादा पकने की वजह से जल जाए। जब भी कभी ऐसा होता है तो किचन एक अजीब तरह की बदबू से भर जाता है। जिसे दूर होने में काफी वक्त लगता है। ऐसी मुश्किल स्थिति में प्याज का उपयोग काफी कारगर हो सकता है। जब भी कभी ऐसा हो तो प्याज के कुछ स्लाइस को स्टोव के पास रख देना चाहिए। इससे कुछ देर में ही प्याज सारी बदबू सोख लेता है।



## चीन ने अमेरिका को दिया झटका, विदेश मंत्रालय ने दो अमेरिकी सैन्य कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

**बीजिंग ,एजेंसी** । चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने शुक्रवार को बताया कि अमेरिकी लॉकहीड मार्टिन कंपनी की मिसोरी राज्य के सेंट लुइस शहर में स्थित शाखा कंपनी ने मुख्य ठेकेदार के नाते 24 अगस्त को अमेरिका द्वारा थाईवान को हथियार बेचने में हिस्सा लिया और नोर्थरोप ग्रुमान कंपनी ने कई बार अमेरिका द्वारा थाईवान को हथियार बेचने में भाग लिया है।

चीन के विदेशी प्रतिबंध विरोधी कानून के मुताबिक चीन ने इन दो अमेरिकी सैन्य कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है।

प्रेस वार्ता में माओ निंग ने संबंधित सवाल के जवाब में बताया कि अमेरिकी सरकार चीन के विरोध के बावजूद चीन के थाईवान क्षेत्र को हथियार की सप्लाई करने पर अड़ा रहता है, जिसने एक चीन सिद्धांत, चीन–अमेरिका तीन संयुक्त वक्तव्यों और अंतरराष्ट्रीय कानून व अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मूल सिद्धांतों का गंभीर उल्लंघन किया है और चीन की प्रभुसत्ता और सुरक्षा हितों पर गंभीर नुकसान पहुंचाया है। अमेरिका थाईवान को शस्त्रीकरण करने के खतरनाक और गलत रास्ते पर दूर से चला रहा है। प्रवक्ता ने अमेरिका से थाईवान को हथियार बेचना बंद करने का अनुरोध किया, वरना उसे चीन का डटकर जवाबी प्रहार मिलेगा।

## नीलाम हुआ दिवंगत राजकुमारी डायना का स्वेटर, कीमत जान उड़ जाएंगे आपके भी होश

**न्यूयॉर्क ,एजेंसी** । दिवंगत राजकुमारी डायना द्वारा पहना गया सफेद पंक्तियों के बीच काली भेड़ की तस्वीर वाला लाल स्वेटर न्यूयॉर्क के सोथबी में एक नीलामी में 1.1 मिलियन डॉलर से अधिक में बिका। एक ट्वीट में, नीलामी घर ने कहा, राजकुमारी डायना के ऐतिहासिक ब्लैक शीप वार्म एंड वंडरफुल स्वेटर फैशन आइकॉन नीलामी में 1.1 मिलियन डॉलर में बिका।

सोथबी के अनुसार, डायना ने यह स्वेटर 1981 में प्रिंस चार्ल्स के पोलो मैच में पहना था। बोली 31 अगस्त को शुरू हुई थी और नीलामी के अंतिम मिनट तक शीर्ष बोली दो लाख डॉलर से कम रही। सोथबी ने स्वेटर की कीमत 50,000 डॉलर से 80,000 डॉलर आंकी थी।


स्वेटर खरीदने वाले की पहचान का खुलासा नहीं किया गया। राजकुमारी डायना से जुड़ी कई अन्य वस्तुओं की तुलना में स्वेटर को अधिक कीमत पर बिका। स्वेटर के डिज़ाइन को अक्सर शाही परिवार में डायना के स्थान के प्रतीक के रूप में वर्णित किया जाता रहा है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति के बेटे पर गन से जुड़े मामले में आरोप तय

**वाशिंगटन ,एजेंसी** । अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बेटे हंटर बाइडेन पर गन से संबंधित मामलों में आरोप तय किया गया।यह अभियोग रिपब्लिकन के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रतिनिधि सभा द्वारा राष्ट्रपति बाइडेन के खिलाफ महाभियोग जांच की घोषणा के कुछ ही दिनों बाद आया है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि जब वह उपराष्ट्रपति थे तो उन्हें विदेश में अपने बेटे के व्यापारिक सौदों के बारे में जानकारी नहीं थी।मामले की जांच डेलावेयर के ट्रंप द्वारा नियुक्त अमेरिकी वकील डेविड वीस कर रहे हैं, जिन्हें राष्ट्रपति बाइडेन ने पद पर बनाए रखा और मामले को आगे बढ़ाने के लिए पूरी छूट दी। उन्हें अब विशेष वकील के रूप में फिर से नामित किया गया है।डेलावेयर में एक संघीय अदालत में अभियोग दायर किया गया, और हंटर बाइडेन पर तीन मामलों का आरोप लगाया गया।

# कोरोना संक्रमण से अधिक जानलेवा है निपाह वायरस

## ऑस्ट्रेलिया से मोनोक्लोनल एंटीबॉडी की 20 और खुराक खरीदेगा भारत



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** देश में निपाह वायरस के मामलों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। वहीं, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) भी इसको लेकर सतर्क हो गया है। क्ळटफ के महानिदेशक डां. राजीव बहल ने निपाह वायरस को कोरोना से भी अधिक जानलेवा करार दिया। उन्होंने कहा कि कोरोना से मरने वालों का दर सिर्फ दो से तीन प्रतिशत ही थी, लेकिन निपाह वायरस से मरने वालों का आंकड़ा 40–70 प्रतिशत का है। उन्होंने कहा कि भारत में निपाह वायरस के संक्रमण को फैलने के लिए कई उपाय किए जा रहे हैं। राजीव बहल ने बताया कि साल 2018 में भारत को ऑस्ट्रेलिया से मोनोक्लोनल एंटीबॉडी की कुछ खुराकें मिली थी। हालांकि, अभी 10 मरीजों के लिए इसकी खुराक उपलब्ध है। उन्होंने आगे बताया कि भारत निपाह वायरस संक्रमण के इलाज के लिए ऑस्ट्रेलिया से इसकी 20 और खुराक खरीदेगा। उन्होंने बताया कि भारत में अभी तक किसी को भी इसकी खुराक नहीं दी गई है।

राजीव बहल के मुताबिक, इसकी दवा मरीजों को प्रारंभिक चरण के दौरान दिए जाने की जरूरत होती है। उन्होंने बताया कि केरल में वायरस के प्रसार को रोकने के लिए सभी तरह के उपाय किए जा रहे हैं। केरल में इसके मामले सामने आने के एक सवाल पर उन्होंने कहा कि इसके मामले यहां क्यों आ रहे हैं हम नहीं जानते हैं।

मालूम हो कि केरल में इसके सक्रिय मामलों की संख्या चार हो गई है, जिसके बाद राज्य सरकार ने उन सभी लोगों का परीक्षण करने का निर्णय लिया है, जो संक्रमित व्यक्तियों की संपर्क सूची में हैं। स्वास्थ्य मंत्री जॉर्ज ने कहा कि संक्रमित व्यक्ति के सैंपल टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद उसमें निपाह वायरस की पुष्टि हुई, जिससे राज्य में कुल संक्रमित लोगों की संख्या छह हो गई, जिनमें से दो की पहले ही मौत हो चुकी है।

श्रीरामजन्मभूमि पर एक ओर दिव्य–भव्य और चिरस्थायी मंदिर का भूतल पूर्णता की ओर है तो दूसरी ओर भगवान के नाम से निर्माणाधीन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का टर्मिनल (मुख्य भवन) भी मंदिर की ही भांति आकार लेने लगा है। एयरपोर्ट के टर्मिनल में सामने छह खंभे लगाए गए हैं। करीब 62 सौ वर्ग मीटर में निर्माणाधीन टर्मिनल में एक वृहद और 12 छोटे शिखर निर्मित किए जाएंगे।

अयोध्या [रमाशरण अवस्थी]: श्रीरामजन्मभूमि पर एक ओर दिव्य–भव्य और चिरस्थायी मंदिर का भूतल पूर्णता की ओर है, तो दूसरी ओर भगवान के नाम से निर्माणाधीन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का टर्मिनल (मुख्य भवन) भी मंदिर की ही भांति आकार लेने लगा है। एयरपोर्ट के टर्मिनल में सामने छह खंभे लगाए गए हैं।

करीब 62 सौ वर्ग मीटर में निर्माणाधीन टर्मिनल में एक वृहद और 12 छोटे शिखर निर्मित किए जाएंगे। इनका निर्माण पूर्ण होने के उपरांत टर्मिनल दूर से ही मंदिर की भांति दिखाई देगा। अयोध्या का रेलवे स्टेशन भी मंदिर की भांति ही बनाया जा रहा है।

एयरपोर्ट टर्मिनल में छह प्रवेशद्वार बनाए जाएंगे। सभी गेट स्लाइडिंग (आटोमेटेड) होंगे। पूरा परिसर वातानुकूलित होगा। इसके साथ ही दो कनवेयर बेल्ट लगाई जाएंगी, जिसमें एक पर एक्स–रे मशीन भी होगी। इन्हीं कनवेयर बेल्ट से यात्रियों का सामान एयरपोर्ट पर ले जाया जाएगा। एक्स–रे मशीन से सामान की जांच होगी। इस भवन का निर्माण 78 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। अक्टूबर तक इसका निर्माण पूर्ण करने का लक्ष्य है।

वर्तमान समय में 22 सौ मीटर लंबा और 45 मीटर चौड़ा रनवे बन चुका है। यहां से एयरबस–ए 320 उड़ान भरने में सक्षम है। सिविल और इलेक्ट्रिकल कार्य पूर्ण होने के बाद नवंबर में एयरपोर्ट अथॉरिटी की स्थानीय इकाई लाइसेंस के लिए आवेदन करेगी।

एयरपोर्ट अथॉरिटी की योजना द्वितीय चरण में 3,125 मीटर व तृतीय चरण में 3,750 मीटर लंबा रन–वे बनाने की है, जिस पर बड़े जहाज भी उतर सकेंगे। टर्मिनल का निर्माण पूर्ण होते ही डायरेक्टर आफ सिविल एविएशन के यहां लाइसेंस के लिए आवेदन किया जाएगा। अक्टूबर माह में टर्मिनल का निर्माण पूर्ण करने का लक्ष्य है।

सुल्तानपुर राजमार्ग पर स्थित डाभासेमर के समीप से एयरपोर्ट आने–जाने का नया फोरलेन मार्ग बन गया है। एयरपोर्ट के लिए दो टैक्सी–वे और एक एप्रेन का निर्माण भी हो चुका है। इस एप्रेन में चार हवाई जहाज खड़े हो सकेंगे। एक आइसोलेशन एरिया भी बनाया गया है, जहां आपात स्थिति में जहाज खड़ा किया जा सकेगा।

हवाई जहाज उड़ाने के लिए इंडिगो व स्पाइसजेट यहां सर्वे कर रही हैं। दोनों कंपनियां रूट के साथ ही समय, यात्रियों की अनुमानित संख्या, रन–वे की स्थिति आदि को जांच–परख रहीं हैं। कुछ और निजी विमानन कंपनियां भी उड़ान के लिए सर्वे की तैयारी में हैं।

## महज 450 रुपए में मिलेगा गैस सिलेंडर, करना होगा ये काम

**भोपाल ,एजेंसी** । मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि लाडली बहनों को गैस सिलेंडर 450 रुपए में मिलेगा। सावन के माह में अर्थात 4 जुलाई से लेकर 31 अगस्त तक गैस सिलेंडर रिफिल कराने वाली लाडली बहनों को भी अनुदान राशि का अंतरण उनके बैंक खातों में किया जाएगा। चौहान ने कहा कि इस योजना का लाभ लेने के लिए लाडली बहनों को पंजीयन कराना होगा। पंजीयन मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना पोर्टल पर होगा।

मुख्यमंत्री टीकमगढ़ से आज पंजीयन की शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसी बहनों का पंजीयन किया जाएगा जो पूर्व से गैस कनेक्शन धारी हों और यह बहनें उज्जवला योजना की लाभार्थी भी हो सकती हैं। पंजीयन के लिए केवल दो जानकारी या दस्तावेज (अ) एलपीजी कनेक्शन आईडी (ब) समग्र आईडी की आवश्यकता होगी।

## ट्रिपल मर्डर : जमीनी विवाद में पिता, बेटी और दामाद को उतारा मौत के घाट, गुस्साए लोगों ने फूंक दिया गांव

**कौशांबी ,एजेंसी** । उत्तरप्रदेश के कौशांबी से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां तीन लोगों की हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी है। मिली जानकारी के अनुसार कौशांबी के संदीपन घाट थाना क्षेत्र के हररायपुर में जमीनी विवाद के चलते ट्रिपल मर्डर की घटना को अंजाम दिया गया है।

दरअसल यह पूरा मामला पिता, बेटी और दामाद की गोली मारकर हत्या करने का है। कौशांबी में इस तरह पिता, बेटी और दामाद की हत्या के बाद पूरे इलाके में तनाव फैल गया।

बताया जा रहा है कि कौशांबी में ट्रिपल मर्डर की घटना के बाद नाराज ग्रामीण ने कई घरों में की आगजनी की। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया। वहीं आगजनी और हंगामे के बाद मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गयी है। फायर सर्विसेज़ की गाड़ी आग बुझाने की कोशिश कर रहे है। जानकारी के अनुसार कौशांबी के हररायपुर में पिता, बेटी और दामाद की हत्या के बाद नाराज ग्रामीणों ने करीब 12 घरों में आग लगा दी। तीन लोगों की हत्या के बाद ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए है और पूरे इलाके में हंगामा करने लगे। हालांकि घटना के बाद भारी संख्या में मौके पर पहुंची पुलिस बल ने फिलहाल स्थिति को कंट्रोल कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार अभी मौके पर तनाव की स्थिति नहीं है। बताया जा रहा है कि संदीपन घाट थाना क्षेत्र के पंडा चौराहा पर कुछ जमीन को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के बाद पिता, बेटी और दामाद की हत्या कर दी गयी, जिसके बाद गुस्साये ग्रामीणों ने इलाके में खूब हंगामा किया और कई घरों में आग लगा दी।

## दूध के बकाया पैसे मांगने पर हुआ विवाद: तीन लोगों की गोली मारकर हत्या

**पटना ,एजेंसी** । बिहार की राजधानी पटना के फतुहा थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और एक जख्मी हो गया। घटना के बाद से गांव में तनाव बना हुआ है।

पुलिस के मुताबिक, सुरंगापार गांव में बकाया पैसे को लेकर प्रदीप कुमार और जय सिंह के बीच विवाद चल रहा था। इसको लेकर गुरुवार की रात भी एक गुट पैसा मांगने गया था। इसी दौरान दोनों गुटों में बहस शुरू हो गई। करीब 11 बजे दोनों ओर से गोलियां चलने लगी।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान जय कुमार (52), प्रदीप कुमार (32) और शैलेश कुमार (40) के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे।

# मुंबई के 'लालबागच्या राजा' का 90वां साल

## श्रद्धालुओं को मिले इस साल की गणेश प्रतिमा के प्रथम दर्शन



**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई में गणेशोत्सव की शुरुआत से पहले 'लालबागच्या राजा' गणपति के प्रथम दर्शन शुक्रवार को श्रद्धालुओं को मिल गए। इस वर्ष की प्रतिमा को श्रद्धालुओं के सामने लाने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। इसके लिए लाइव स्ट्रीमिंग की भी व्यवस्था की गई थी। लाल बाग के राजा का यह 90वां साल है। इससे पहले, चार जुलाई को ही लाल बाग के राजा के गणेशोत्सव मंडप का पूजन किया गया था। इस बार गणेश उत्सव की शुरुआत 19 सितंबर से हो रही है। यह उत्सव 10 दिनों तक चलेगा और 28 सितंबर को गणेश उत्सव का समापन हो जाएगा। मुंबई में लालबाग के राजा का मंडल सबसे लोकप्रिय गणेश मंडल माना जाता है। कई सेलिब्रिटी यहां आकर भगवान गणपति के दर्शन करते हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लालबागचा राजा मंडल के अनुसार, बीते साल पांच करोड़ रुपये से ज्यादा का कैश चढ़ावे के रूप में मिला था। इसके अलावा पांच किलो से ज्यादा सोने के आभूषण, 60 किलो 341 ग्राम चांदी, एक बाइक भी चढ़ावे में मिली थी। मुंबई और महाराष्ट्र में लालबाग के राजा का काफी महत्व है और यहां गणपति बप्पा के दर्शनों के लिए लोग देश के कोने–कोने से आते हैं।

मशहूर डिजाइन निर्देशक नितिन देसाई ने ही लालबाग के राजा का पंडाल डिजाइन किया था। बता दें कि नितिन देसाई ने बीते दिनों अपने स्टूडियो में ही फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। नितिन देसाई ने अपनी मौत से कुछ समय पहले इंस्टाग्राम पर पंडाल के डिजाइन की कुछ तस्वीरें साझा भी की थीं।

# अनंतनाग में मुठभेड़ तीसरे दिन भी जारी, जंगलों में छिपे हैं लश्कर के 2 आतंकवादी



**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर के अनंतनाग जिले में सेना और पुलिस के तीन अधिकारियों की शदाहत के लिए जिम्मेदार लश्कर–ए–तोएबा के दो आतंकवादियों का पता लगाने के लिए चलाया जा रहा अभियान शुक्रवार को तीसरे दिन में प्रवेश कर गया तथा इस बीच छिटपुट गोलीबारी भी जारी रही। अधिकारियों ने कहा कि अनंतनाग के कोकरनाग वन क्षेत्र के गारोल में आतंकवादियों को खदेडने का अभियान शुक्रवार सुबह फिर से शुरू हुआ और सुरक्षा बल क्षेत्र की तलाशी के लिए नवीनतम तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं। छिपे हुए आतंकवादियों के खिलाफ अभियान में विशिष्ट विशेष बल भी शामिल हो गए हैं।

बता दें कि बुधवार को आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में 19 राष्ट्रीय राइफल के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मनप्रीत सिंह और उनके कंपनी कमांडर मेजर आशिष धोनचक तथा जम्मू–कश्मीर पुलिस के पुलिस उपाधीक्षक हिमायूं मुजामिल भट शहीद हो गए और दो अन्य सैनिक घायल हो गए। सेना ने कहा था कि ऊपरी इलाकों में खोजी दस्तों का नेतृत्व कर्नल मनप्रीत और मेजर आशिष की ओर से किया जा रहा था। आशीष और सुरक्षा बलों के कुछ सदस्य ऊबड़–खाबड़ इलाकों से होकर गुजरे जहां घने पत्ते और झाडियां थीं। सेना ने कहा कि बुधवार दोपहर को सैनिकों पर भारी गोलीबारी हुई।

उन्होंने जवाबी कार्रवाई की और आतंकवादियों से भिड़ गए। इस गोलाबारी में कर्नल मनप्रीत, मेजर आशीष और डीएसपी हुमायूं को गोली लगी जबकि दो अन्य जवान घायल हो गए। बाद में तीनों अधिकारियों ने सेना और सुरक्षा बलों की बेहतरीन परंपराओं को निभाते हुए देश की सेवा में अपनी जानें दे दीं। गुरुवार शाम को तीनों अधिकारियों की शहादत के विरोध में घाटी के कई जिलों में मोमबत्ती जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

# महादेव ऐप घोटाले में ईडी का बड़ा एक्शन, मुंबई, कोलकाता और भोपाल में तलाशी के बाद 417 करोड़ रुपये किए जब्त

**नई दिल्ली ,एजेंसी** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ऑनलाइन जुआ ऐप महादेव बुक मनी लॉन्ड्रिंग मामले के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को कहा कि उसने कोलकाता, भोपाल, मुंबई में तलाशी के बाद 417 करोड़ रुपये जब्त किए हैं।

वित्तीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि ईडी ने हाल ही में कोलकाता, भोपाल, मुंबई आदि शहरों में महादेव ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के खिलाफ व्यापक तलाशी ली और बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सबूत हासिल किए और 417 करोड़ रुपये केआय को फ्रीज या जब्त कर लिया है। एजेंसी ने कहा कि मामले की जांच से पता चला है कि छत्तीसगढ़ के भिलाई के रहने वाले सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल महादेव ऑनलाइन बुक के मुख्य प्रवर्तक हैं और दुबई से संचालन कर रहे हैं।

इसमें कहा गया है कि महादेव ऑनलाइन बुक संयुक्त अरब अमीरात में एक केंद्रीय प्रधान कार्यालय से चलाया जाता है और अपने ज्ञात सहयोगियों को 70 से 30 प्रतिशत लाभ अनुपात पर पैनल या शाखाओं की फ्रेंचाइजी देकर संचालित होता है।

इसमें कहा गया है, सट्टेबाजी की आय को ऑफ–शोर खातों में भेजने के लिए बड़े पैमाने पर हवाला ऑपरेशन किए जाते हैं। नए उपयोगकर्ताओं और फ्रेंचाइजी (पैनल) चाहने वालों को आकर्षित करने के लिए सट्टेबाजी वेबसाइटों के विज्ञापन के लिए भारत में नकद में बड़े पैमाने पर खर्च भी किया जा रहा है।

ईडी ने तलाशी का विवरण साझा करते हुए कहा कि चंद्राकर और उप्पल ने संयुक्त अरब अमीरात में अपने लिए एक साम्राज्य बनाया और उनके द्वारा अचानक और अवैध धन का खुलेआम प्रदर्शन किया जा रहा था।

आरोप लगाया गया कि फरवरी 2023 में, चंद्राकर ने आरएके, यूएई में शादी की और इस विवाह समारोह के लिए, महादेव एपीपी के प्रमोटरों ने लगभग 200 करोड़ रुपये नकद खर्च किए। परिवार के सदस्यों को नागपुर से यूएई तक ले जाने के लिए निजी जेट किराए पर लिए गए थे। प्रदर्शन के लिए मशहूर हस्तियों को काम पर रखा गया था शादी में। वेडिंग प्लानर, डांसर, डेकोरेटर आदि को मुंबई से काम पर रखा गया था और नकद भुगतान करने के लिए हवाला चैनलों का इस्तेमाल किया गया था।

ईडी ने कहा कि उसके द्वारा एकत्र किए गए डिजिटल सबूतों के अनुसार, योगेश पोपट की एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी आर–1 इवेंट्स प्राइवेट लिमिटेड को हवाला के जरिए 112 करोड़ रुपये दिए गए थे और 42 करोड़ रुपये की होटल बुकिंग एईडी में नकद में भुगतान करके की गई थी।

इसमें यह भी कहा गया कि पोपट, एक मिथिलेश और अन्य जुड़े आयोजकों के परिसरों की तलाशी के दौरान 112 करोड़ रुपये की हवाला राशि की प्राप्ति से संबंधित सबूत सामने आए। ईडी ने दावा किया, इसके बाद, पोपट द्वारा नामित आंगडिया पर तलाशी ली गई और परिणामस्वरूप 2.37 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी जब्त की गई।

ईडी ने कहा कि कई मशहूर हस्तियां इन सट्टेबाजी संस्थाओं का समर्थन कर रही हैं और संदिग्ध लेनदेन के माध्यम से मोटी फीस के बदले में उनके कार्यों को अंजाम दे रही हैं, लेकिन अंततः ऑनलाइन सट्टेबाजी की आय से भुगतान किया जाता है। एजेंसी ने भोपाल में धीरज आहूजा और विशाल आहूजा के रैपिड ट्रैवल्स के परिसरों पर भी तलाशी ली।

# भारत पहुंच रहा है वायु सेना का पहला सी–295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट

**नई दिल्ली ,एजेंसी** । यूरोपियन कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस से भारतीय वायु सेना को अपना पहला सी–295 ट्रांसपोर्ट विमान मिल चुका है। अब एजेंसी को यह विमान भारत पहुंच रहा है। पहले सी 295 ट्रांसपोर्ट विमान की डिलीवरी भारतीय वायु सेना को स्पेन में दी गई है। इसके लिए भारतीय वायु सेना के एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी स्पेन पहुंचे हैं। विमान की डिलीवरी हासिल करने के उपरांत वायु सेना प्रमुख ने नए विमान में उड़ान भी भरी। ये एयरक्राफ्ट शॉर्ट टेक–ऑफ और लैंडिंग कर सकते हैं।

विशेषज्ञों के मुताबिक यह विमान महज 320 मीटर की दूरी में ही टेक–ऑफ कर सकता है। लैंडिंग के लिए इसे मात्र 670 मीटर की लंबाई चाहिए। ऐसी स्थिति में यह विमान भारत चीन सीमा के नजदीक लद्दाख, कश्मीर, असम और सिक्किम जैसे पहाड़ी इलाकों में वायु सेना के ऑपरेशन में शामिल हो सकता है।

एयरक्राफ्ट अपने साथ 5 से 10 टन तक वजन ले जा सकता है। विमान एक बार में अपने साथ 71 सैनिक, 44 पैराट्रूपर्स, 24 स्ट्रेचर या 5 कार्गो पैलेट को ले जा सकता है। इसके साथ ही यह ट्रांसपोर्ट विमान 480 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से 11 घंटे तक उड़ान भर सकता है।

सी–295 विमान को औपचारिक रूप से स्वीकार करने के साथ ही चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने स्पेन की रक्षा मंत्री, मार्गारीटा रोबल्स से मुलाकात भी की। बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने से संबंधित मामलों पर चर्चा की गई।एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के साथ की गई डील 56 विमानों के लिए है। इनमें से 16 विमानों का निर्माण स्पेन में हो रहा है जबकि शेष बचे 40 विमान गुजरात के वडोदरा में टाटा एडवांस सिस्टम कंपनी द्वारा तैयार किए जाएंगे। यह विमान स्पेन के सेविले प्लांट में बनाया गया है। इसे 25 सितंबर को हिंडन एयरबेस में वायुसेना में शामिल किया जाएगा।

स्पेन के सेविले में मौजूद एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने कहा कि पहला विमान स्पेन में तैयार किया गया है, जबकि 17वें विमान को 2026 में भारत वडोदरा में तैयार किया जाएगा। स्पेन में भारत के राजदूत दिनेश पटनायक ने कहा कि सी–295 विमान को तय समय से 10 दिन पहले एयरबस की तरफ से वायुसेना को सौंप दिया गया।सितंबर 2021 में भारत ने यूरोपियन कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के साथ कुल 56 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट के लिए करीब 21,935 करोड़ रुपए की डील की है। सी295 विमान भारतीय वायु सेना के एवरो–748 विमानों का स्थान लेंगे। यह विमान भारतीय वायुसेना में बीते छह दशक पहले सेवा में आए थे।सी295 विमान का इस्तेमाल सैन्य साजो–सामान और रसद पहुंचाने के लिए किया जाता है। यह विमान ऐसे स्थान पर भी पहुंच सकता है जहां भारी ट्रांसपोर्ट विमानों के जरिए नहीं पहुंचा जा सकता।जानकारी के मुताबिक पहले सी–295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट की तैनाती आगरा एयरबेस में होगी। यहां इस विमान के पायलटों के लिए एक विशेष ट्रेनिंग सेंटर भी तैयार किया जा रहा है। वायु सेना के मुताबिक यह ट्रेनिंग सेंटर अगले वर्ष तक बनकर तैयार हो जाएगा। टाटा एडवांस सिस्टम 2024 के मध्य तक सी–295 विमान बनाना शुरू करेगी।फिलहाल, इसकी फाइनल असेम्बली लाइन का काम चल रहा है। भारत में पहला स्वदेशी सी–295 विमान 2026 में बनकर तैयार होगा।

# मलान ने द ओवल में बल्ले से मचाया कोहराम



नई दिल्ली, न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड दौरे पर अपनी चार मैचों की वनडे सीरीज खेल रही है। दोनों टीमों के बीच आज लंदन के द ओवल में चौथा मुकाबला खेला जा रहा है।

मलान ने संभाली पारी–

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम की शुरुआत खास नहीं रही और चौथे ओवर की पांचवी गेंद पर टीम ने जॉनी बेयरस्टो के रूप में अपना पहला विकेट गंवा दिया। इसके बाद डेविड मलान और जो रूट ने पारी को संभाला।

मलान ने जड़ा शतक–

मलान ने 114 गेंदों में 111 के स्ट्राइक रेट से 127 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 14 चौके और तीन छक्के लगाए। मलान ने पहले जो रूट के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 79 रन जोड़े। इसके बाद उन्होंने बटलर के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 56 रन जोड़े।

**मलान ने पूरे किए 1 हजार रन—**

40वें ओवर की पहली गेंद पर रचिन रवींद्र ने टॉम लैथम के हाथों कैच देकर मलान को पवेलियन भेजा। मलान ने अपनी इस पारी से कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। उन्होंने वनडे करियर में इंग्लैंड के लिए अपने 1 हजार रन पूरे कर लिए हैं।

**सबसे तेज हजार रन पूरे करने वाले इंग्लैंड के खिलाड़ी—**

सबसे पहले डेविड मलान टी20क और वनडे में इंग्लैंड के लिए सबसे तेज 1 हजार रन पूरे करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने टी20 की 24 पारियों और वनडे की 21 पारियों में इंग्लैंड के लिए सबसे तेज हजार रन पूरे किए.इसके अलावा उन्होंने इंग्लैंड के महान बल्लेबाज केविन पीटरसन और जोनाथन ट्रॉट की बराबरी की, जिन्होंने 21 पारियों में इंग्लैंड के हजार रन जड़े थे। डेविड मलान ने अपनी पिछली पांच वनडे सीरीज में चार कॉन्टिनेंट के पांच देशों में शतक जड़े हैं।

# डेब्यू में क्रिकेट के बेसिक ही भूल गए तिलक वर्मा , बॉलर को तोहफे में दिया विकेट



नई दिल्ली, टी–20 इंटरनेशनल में अपने बल्ले से धमाल मचाने वाले तिलक वर्मा का वनडे क्रिकेट में आगाज शर्मनाक रहा है। तिलक एकदिवसीय करियर की पहली पारी में सिर्फ 9 गेंदों का ही सामना कर सके और बेहद खराब शॉट खेलकर पवेलियन लौटे। तिलक बांग्लादेश के युवा गेंदबाज तन्जीम हसन के आगे चारों खाने चित हुए और क्लीन बोल्ड होकर चलते बने।

क्रिकेट के बेसिक भूले तिलक

तिलक वर्मा वनडे क्रिकेट की अपनी पहली इनिंग में बेहद खराब शॉट खेलकर आउट हुए। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तन्जीम हसन की गेंद पर तिलक क्लीन बोल्ड हुए। दरअसल, तिलक गेंद की लाइन को ही समझने में नाकाम रहे। बाएं हाथ के बैटर को लगा कि तन्जीम की गेंद बाहर की तरफ निकलेगी और वह उन्होंने बॉल को छोड़ने के लिए बल्ला हवा में उठाया।

हालांकि, गेंद सीधी रही और तिलक के स्टंप पर जाकर लगी। इस शॉट को खेलते वक्त तिलक ने ठीक तरह से अपना ऑफ स्टंप भी कवर नहीं किया था और उनका आगे वाला पैर भी मिडिल स्टंप के पास ही नजर आया। तिलक 5 रन बनाकर आउट हुए।

# श्रीलंका से मिली हार के बाद सदमे में बाबर , पिता का खुलासा



नई दिल्ली, पाकिस्तान का एशिया कप 2023 का फाइनल खेलने का सपना टूट चुका है। सुपर–4 राउंड में श्रीलंका ने पाकिस्तान को पटखनी देते हुए टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। श्रीलंका के खिलाफ मिली हार से कप्तान बाबर आजम बुरी तरह से टूट गए हैं। बाबर के पिता का कहना है कि पाकिस्तान के कप्तान ठीक तरह से बात भी नहीं कर पा रहे हैं।

सदमे में कप्तान बाबर आजम

पाकिस्तान को मिली श्रीलंका के खिलाफ हार के बाद बाबर आजम के पिता आजम सिद्दिकी ने लंबा–चौड़ा पोस्ट लिखा। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, "सलाम पाकिस्तान। पाकिस्तान ने पूरा मैच आधी टीम के साथ खेला और आखिरी गेंद पर हारी। हालांकि, इस मैच में मैंने नए सुपरस्टार जमान खान को देखा, जो दबाव में काफी अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे। जीत और हार खेल का हिस्सा है, लेकिन आधी ताकत के बावजूद टीम टूर्नामेंट में शानदार खेली।"

बाबर के पिता ने आगे लिखा, "इंशाअल्लाह, जब वर्ल्ड कप में सब फिट हो जाएंगे, तो टूर्नामेंट को देखने में मजा आएगा। अल्लाह वही चीजें देखते हैं, जो अच्छी नीयत और साफ दिल से की जाती हैं। मुझे लगता है कि टीम ने काफी त्याग किए हैं। चलिए इस समय टीम का हौसला बढ़ाते हैं और उनके दिल को बड़ा करते हैं। यही देशभक्ति है। पाकिस्तान जिंदाबाद। मैंने अभी बाबर से बात की, वह ठीक से बात नहीं कर पा रहे हैं। मैंने उनसे कहा कि बहादुर जीतते हैं या सीखते हैं, वो कभी भी टूटते नहीं हैं।"

श्रीलंका ने आखिरी गेंद पर दी मात

श्रीलंका ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को 2 विकेट से हार का स्वाद चखाया। आखिरी ओवर में जीत के लिए श्रीलंका को 8 रन की दरकार थी। चरिथ असलंका ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए लास्ट दो गेंदों पर 6 रन बनाते हुए श्रीलंका को 11वीं बार एशिया कप के फाइनल का टिकट दिलाया।

# आर अश्विन ने की भविष्यवाणी, कहा— वह वर्ल्ड में दोहरा शतक लगाएगा

नई दिल्ली, अश्विन ने कोहली को लेकर बड़ा खुलासा किया है। अश्विन ने कहा कि कोहली का मानना है कि आखिरी के ओवर में सबसे खतरनाक बल्लेबाज एमएस धोनी नहीं हैं। कोहली को लगाता है कि वर्तमान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बेस्ट मैच फिनिशर हैं। वहीं, अश्विन को लगाता है कि रोहित वर्ल्ड कप में दोहरा शतक जमाएंगे।रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि रोहित शर्मा आगामी 2023 विश्व कप में दोहरा शतक बनाएंगे। अश्विन ने रोहित के किसी भी फॉर्मेट में शॉट लगाने की काबिलियत की सराहना की। साथ ही विराट कोहली से रोहित शर्मा के बारे में हुई बातचीत का खुलासा किया।

**'रोहित सबसे खतरनाक बल्लेबाज'**

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर बताया कि कोहली का मानना है कि सेट होने के बाद 15 से 20 ओवर के बाद रोहित को रोक पाना मुश्किल हो जाता है। उनके पास बहुत सारे शॉट्स मौजूद हैं। उस रेंज में डेथ गेंदबाजों को उन्हें गेंदबाजी करना मुश्किल हो जाता है।



अश्विन ने कहा, "5–6 साल पहले जब रोहित बल्लेबाजी कर रहे थे, तब विराट कोहली और मेरी चर्चा हुई थी। मुझे याद नहीं कि वो कौन सा मैच था। रोहित को बल्लेबाजी करते देख मैं सोच रहा था आप उसे गेंदबाजी भी कहां करते हैं? अगर रोहित 15–20 ओवर के बाद सेट हो जाते हैं, तो आपको पता नहीं चलेगा कि उन्हें कहां गेंदबाजी करनी है।"

## फिल्मी दुनियां

# फुकरे 3 का पहला गाना वे फुकरे जारी



एक्सेल एंटरटेनमेंट की 'फुकरे 3' अपने ट्रेलर लॉन्च के बाद से ही चर्चा में है. हाल में मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान कर इसका ट्रेलर और फिल्म के पहले गाने वे फुकरे की एक झलक भर जारी कर दर्शकों के उत्साह को एक अलग लेवल पर पहुंचा दिया था. वहीं अब फैंस का इंतजार खत्म करते हुए मेकर्स ने फिल्म के पहले गाने वे फुकरे को रिलीज कर दिया है. जो सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है. से पर्दा उठा दिया है.

'फुकरे' फ्रेंचाइजी हमेशा चार्टबस्टर गानों से सजी रहती है. ऐसे में, मच अवेटिड 'फुकरे 3' के पहले गाने 'वे फुकरे' में हनी और चूचा के साथ पंडित जी भी थिरकते हुए नजर आ रहे हैं. बता दें कि वे फुकरे गाने को तनिष्क बागची ने कंपोज किया है. साथ ही गाने को देव नेगी और असीस कौर ने गाया है और बोल शब्बीर अहमद ने दिए हैं. गाने को बॉस्को मार्टिस ने कोरियोग्राफ किया है.बता दें कि इस बार भी 'फुकरे 3' में पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा, मनजोत सिंह और पंकज त्रिपाठी अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं. इसके अलावा फिल्म में भोली पंजाबन का रोल निभाने वाली ऋचा चड्ढा एक बार फिर इसमें फुकरों की क्लास लगाएगी. हालांकि इस बार फिल्म से अली फजल गायब रहने वाले हैं.

'फुकरे 3' को मृगदीप सिंह लांबा ने डायरेक्ट किया है. फिल्म 28 सितंबर को थिएटर्स में रिलीज होने वाली है. जिसका फैंस को बेसब्री से इंतजार है.बताते चलें कि एक्सेल एंटरटेनमेंट, जिसे रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर द्वारा सह–स्थापित किया गया था, ने समय–समय पर जेडएनएमडी, दिल चाहता है और कई दूसरी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ दर्शकों को अपना दीवाना बनाया है.

## सुहास की नई फिल्म अंबाजीपेटा मैरिज बैंड का पहला पोस्टर रिलीज

कलर फोटो, लेखक पद्मभूषण, और हिट 2 जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए प्रशंसित सुहास अपनी आगामी फिल्म अंबाजीपेटा मैरिज बैंड के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म जीए 2 पिक्चर्स, निर्देशक वेंकटेश महा की महायान मोशन पिक्चर्स और धीरज मोगिलिनेनी एंटरटेनमेंट द्वारा संयुक्त रूप से बनाई गई है।

नवागंतुक दुष्यन्त कातिकिनेनी द्वारा निर्देशित, फिल्म के हाल ही में जारी किए गए फर्स्ट–लुक पोस्टर ने सिनेप्रेमियों के बीच महत्वपूर्ण चर्चा पैदा की। सुहास के जन्मदिन को चिह्नित करने के लिए, एक आकर्षक नए पोस्टर का अनावरण किया गया, साथ ही आगामी टीज़र रिलीज़ की घोषणा भी की गई। फिल्म में पुष्पा फेम जगदीश प्रताप बंडारी और गोपाराजू रमना प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# राजवीर देओल और पालोमा की सादगी और आकर्षण ने दिल जीता



अवनीश बडज़ात्या निर्देशित पहली फिल्म दोनों का ट्रेलर रिलीज होने के साथ ही इंटरनेट पर खूब प्यार बटोर रहा है। इस फिल्म से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाले राजवीर देओल और पलोमा को भी उनकी सादगी और आकर्षण के लिए काफी सराहना मिली।

खैर, नेटिज़न्स को ट्रेलर में देखी गई यह ताज़ा ऑन–स्क्रीन जोड़ी पसंद आ रही है। लोग अवनीश की तारीफ करते नहीं चूक रहे हैं उनका मानना है कि अवनीश ने राजश्री के फॅमिली ओरिएंटेड फिल्म की परम्परा को बरकऱार रखा है। हलाकि दोनों का ट्रेलर लांच किसी फॅमिली सेलिब्रेशन से काम नहीं था जहाँ पलोमा के साथ कुछ भावनात्मक क्षण आए, जबकि उनकी मां पूनम ढिल्लों को गर्व महसूस हुआ। जहां सनी देओल बहुत खुश लग रहे थे, वहीं राजवीर काफी अभिभूत थे, लेकिन कुल मिलाकर, मेघना और देव को प्रशंसकों ने मंजूरी दे दी है। 15 अगस्त को राजश्री प्रोडक्शन के 76 साल पुरे हो रहे हैं, और दोनों यह राजश्री की सेलिब्रेशन फिल्म है। देश का सबसे पुराना प्रोडक्शन हाउस अपनी विरासत को आगे बढ़ा रहा है क्योंकि अब राजश्री की चौथी पीढ़ी औउइसके कमान को संभालने के लिए पूरी तरह तैयार है।

राजश्री प्रोडक्शंस (पी) लिमिटेड अपनी 59वी फिल्म जियो स्टूडियोज के सहयोग से प्रस्तुत कर रहे हैं दोनों जिसका निर्देशन अवनीश एस बडज़ात्या ने किया हैं, वहीं कमल कुमार बडज़ात्या, स्वर्गीय राजकुमार बडज़ात्या और अजीत कुमार बडज़ात्या ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है।

# सनी सचदेवा अपकमिंग टीवी शो जन्नत में आएंगे नजर



अभिनेता सनी सचदेवा, जो आखिरी बार टीवी शो प्यार के साथ वचन धरम पत्नी में दिखाई दिए थे, अब अपकमिंग ड्रामा शो जन्नत के कास्टिंग टीम में शामिल हो गए हैं।जन्नत में हिबा नवाब, ऋुशाल आहूजा और चांदनी शर्मा मुख्य भूमिका में हैं।सनी ने कहा, मैं इस अपकमिंग शो के कलाकारों में शामिल होकर खुश हूं। कोलकाता के प्रसिद्ध निर्माताओं के साथ काम करना सौभाग्य की बात है। मैं कोलकाता की यात्रा कर रहा हूं। मुझे अभी तक कहानी के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है लेकिन मैं निश्चित रूप से नई यात्रा को लेकर उत्साहित हूं।इस शो का निर्माण मैजिक मोमेंट्स प्रोडक्शन हाउस द्वारा किया जाएगा, जो हिंदी टेलीविजन की दुनिया में अपनी शुरुआत करने जा रहे हैं।अपने रोल के बारे में बात करते हुए शेरदिल शेरगिल और नागिन 6 जैसे शो में अभिनय के लिए जाने जाने वाले सनी ने कहा,यह शो एक संयुक्त परिवार के बारे में है। मैं हीरो के भाई का किरदार निभा रहा हूं। यह एक सशक्त और आशाजनक भूमिका है। वह एक चालाक आदमी है और हमेशा दो नावों में सवार रहता है, कभी–कभी वह ग्रे होता है और कभी–कभी अपने लाभ के अनुसार पॉजिटिव होता है।

# आमिर पर्दे पर वापसी को तैयार, हुआ अगली फिल्म का ऐलान, रिलीज डेट भी जारी

आमिर खान पिछली बार फिल्म लाल सिंह चड्ढा में नजर आए थे। उन्होंने हमेशा की तरह अपनी इस फिल्म के लिए भी जी–तोड़ मेहनत की थी, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर उनकी यह फिल्म पहले ही दिन ढेर हो गई।इसके बाद आमिर ने ऐलान किया कि वह अभिनय से कुछ समय का ब्रेक ले रहे हैं।अब जो खबर आ रही है, उससे उनके प्रशंसक खुशी से झूम उठेंगे।दरअसल, आमिर की अगली फिल्म से जुड़ी जानकारी सामने आई है।

जाने–माने फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने ट्विटर पर आमिर की अगली फिल्म से जुड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने ट्वीट किया, आमिर अपने होम प्रोडक्शन के बैनर तले एक फिल्म बनाने जा रहे हैं। इसके लीड हीरो भी वह खुद होंगे। फिलहाल प्री–प्रोडक्शन का काम चल रहा है। फिल्म की शूटिंग अगले



साल 20 जनवरी से शुरू होगी।तरण ने रिलीज डेट से पर्दा हटाते हुए लिखा कि यह फिल्म 20 दिसंबर, 2024 को यानी क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी।

आमिर से जब अभिनय से ब्रेक लेने की वजह पूछी गई थी तो उन्होंने कहा था, बतौर एक्टर जब मैं फिल्म कर रहा होता हूं तो उसमें इतना खो जाता हूं कि कुछ और दिखता ही नहीं है, इसलिए मैंने ब्रेक लिया है।उन्होंने कहा था, मैं 35 सालों से लगातार काम कर रहा हूं। ये मेरे करीबियों के लिए अन्याय है। अब मैं कुछ वक्त अपनों के साथ बिताऊंगा, ताकि मैं जिंदगी का अलग तरीके से अनुभव कर सकूं।

आमिर की पिछली फिल्म लाल सिंह चड्ढा 11 अगस्त, 2022 को सिनेमाघरों में आई थी। इस फिल्म से आमिर ने 4 साल बाद पर्दे पर वापसी की थी।सोशल मीडिया पर इस फिल्म के बहिष्कार की मांग भी उठी थी।इसका असर फिल्म के प्रदर्शन पर पड़ा। 180 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने महज 129 करोड़ रुपये कमाए।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com